
वर्ष-3, अंक-248
इन्दौर, रविवार
24 नवम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# यह जीत मोदी जी के प्रति जनता के विश्वास की जीत

## मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ रहा भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ - डॉ. मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने महाराष्ट्र विधानसभा व देश के अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों में भाजपा को मिली विजय पर शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विजय उत्सव में शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान एक दूसरे को मिष्ठान्न खिलाकर, आतिशबाजी कर उत्सव मनाया गया।







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को देश की जनता लगातार आशीर्वाद दे रही। मध्यप्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। महाराष्ट्र का चुनाव कई मायनों में उद्धव ठाकरे की शिवसेना व शरद पवार की एनसीपी के लिए सबक है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए जनहितैषी विकास कार्यो एवं गरीब कल्याण की योजनाओं के लिए जनता ने फिर आशीर्वाद दिया है। कांग्रेस देश में अप्रासंगिक और अलोकप्रिय हो चुकी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को फिर एक बार अपना आशीर्वाद दिया है। शिवाजी की धरती महाराष्ट्र में ''सत्य और सुशासन'' की जीत हुई है। जनता ने झूठ और नफरत की राजनीति करने वाली कांग्रेस व इंडी गठबंधन के परिवारवाद, वंशवाद को पूरी तरह नकार दिया है। कांग्रेस को आत्मचिंतन व आत्म अवलोकन करना चाहिए। नेताद्वय ने इस प्रचंड विजय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी एवं मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के स्थानीय नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने किया।

### कुर्सी की लालच में उद्धव ने तोड़ा था गठबंधन, जनता से सबक सिखाया - डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र, झारखंड सहित देश के अनेक राज्यों में हुए उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली अपार सफलता पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की विजय यात्रा पार्टी कार्यकर्ताओं के भरोसे आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि उपचुनावों में पार्टी को मिली सफलता हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है, लेकिन विशेषकर महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी के लिए कई मायनों में सबक भी हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ कुर्सी के लालच में उद्धव ठाकरे ने उस कांग्रेस और एनसीपी से गठजोड़ किया था, जिससे स्व. बाला साहेब ठाकरे आजीवन संघर्ष करते रहे। डॉ. यादव ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा को प्रचंड समर्थन देकर 2019 का बदला भी ले लिया है। उस समय जनता ने भाजपा-शिवसेना को बहुमत दिया था, लेकिन कांग्रेस ने अपनी तिकड़मबाजी के जरिए सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अब महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देकर अपना निर्णय दे दिया है कि उस समय जो कुछ किया गया था, वह गलत था। उन्होंने कहा कि हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक देश की जनता का समर्थन भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है और देश की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को लगातार आशीर्वाद दे रही है। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने पहले देश खोया, अब प्रदेश भी खो रही है। कांग्रेस के नेता आपस के झगड़ों में उलझे हुए हैं और नकारात्मकता की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए नेशन फर्स्ट है, लेकिन कांग्रेस के लिए फेमिली फर्स्ट रही है।

### मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ रहा भाजपा का ग्राफ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। हमने 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटें जीतीं। कांग्रेस और कमलनाथ का गढ़ कही जाने वाली छिंदवाड़ा सीट भी हमने जीती और उपचुनाव में अमरवाड़ा की विधानसभा सीट भी हम जीते। उपचुनाव में बुधनी विधानसभा में भी हम आगे हैं। उन्होंने कहा कि विजयपुर में हमारे प्रत्याशी श्री रामनिवास रावत को भले ही पराजय का सामना करना पड़ा हो, लेकिन वहां हमारे वोट बढ़े हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास की यात्रा को लगातार आगे बढ़ाती रहेगी और आने वाले चुनाव में हम विजयपुर में भी बड़ी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत जो दुनिया का सबसे युवा देश है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और यही लोकतंत्र की असली ताकत है, देश के मतदाताओं की ताकत है।

### भाजपा ने हार का अंतर कम किया, अगली बार ऐतिहासिक जीत मिलेगी - श्री विष्णुदत्त शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र में बड़ी जीत दर्ज की है। महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को फिर एक बार आशीर्वाद प्रदान किया है। महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन को प्रचंड जीत मिल रही है। भाजपा ने अकेले महाराष्ट्र में 132 सीटें जीती है। देश में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के लिए कार्य करती है। हम सभी जनता को यह विश्वास दिलाते है कि जनता से किया गया एक-एक संकल्प को पूरा करेंगे। मध्यप्रदेश के बुधनी में भी भाजपा प्रचंड जीत हासिल की है। विजयपुर में भाजपा 2023 के विधानसभा चुनाव में 18 हजार के हार के अंतर को इस उपचुनाव में 7 हजार के करीब लाने में सफल रही है। मैं विजयपुर के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं कि उन्होंने हर बूथ पर बहुत मेहनत और परिश्रम के साथ चुनाव लड़ा है। मैं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि चिंता करने की बात नहीं है। भाजपा अगले चुनाव में विजयपुर विधानसभा में ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल करेगी।

### मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र की जीत में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश भाजपा की टीम भी लगी हुई थी। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी, प्रदेश शासन के मंत्री श्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी सहित हमारे प्रदेश के कई नेता महाराष्ट्र के चुनाव में लगे हुए थे। महाराष्ट्र चुनाव में मेहनत करने वाले मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं को भी जीत की बधाई देता हूं। झारखंड में भी जनता ने हमें आशीर्वाद देने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और गुड गवर्नेंस के साथ लगातार प्रदेश को आगे ले जाने का कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा 2028 की तैयारी शुरू कर रही है। मैं विधानसभा चुनाव और उपचुनावों में मिली जीत पर आप सभी कार्यकर्ताओं को एक बार फिर सभी को बहुत-बहुत बधाई देते हुए आप सभी का अभिनंदन करता हूं।

इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री श्री विश्वास सारंग, श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल, वरिष्ठ नेता श्री शैलेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष श्री सुमित पचौरी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पंवार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री अनिल पटेल, श्री दीपक जैन टीनू, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा, श्री गुलरेज शेख, श्री अजय सिंह यादव, श्री हीरेन्द्र बहादुर सिंह, श्रीमती शशि सिन्हो, सुश्री सरिता देशपाण्डे, श्री भगत सिंह कुशवाह, श्री सुनील पाण्डे सहित प्रदेश, जिला

---

**बंगाल विधानसभा उप-चुनाव :**

## छह की छह सीटें तृणमूल कांग्रेस की झोली में

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधान सभा की छह सीटों के उप चुनाव में सभी सीटें सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस के खाते में गयी हैं। शनिवार को इन सीटों मतगणना में सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशियों ने अजेय बढ़त बना ली है। मतगणना के बारे में निर्वाचन आयोग के आंकड़ों ताजा के अनुसार उत्तर 24 परगना के नैहाटी विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार सनत डे ने अपने प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रूपक मित्रा को 49277 मतों से पराजित किया। इसी जिले के हरोआ में भी तृणमूल कांग्रेस के एस के रबीउल इस्लाम 14वें राउंड की गणना के बाद 131284 मतों से अजेय बढ़त बना ली थी।

## दलितों के घर जलाए, 10 साल बाद 98 को उम्रकैद

**कोलकाता (एजेंसी)।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के माराकुम्बी गांव में 28 अगस्त, 2014 के दलित उत्पीड़न मामले में 24 अक्टूबर, 2024 को फैसला आया। सेशन्स कोर्ट ने ऊंची जाति के 98 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



ऐसा देश में पहली बार हुआ, जब छुआछूत से जुड़े मामले में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एक साथ उम्रकैद की सजा सुनाई गई। कोर्ट के फैसले से लगा कि 10 साल बाद ही सही, माराकुम्बी के दलितों को न्याय मिल गया। इस चर्चित मामले का जमीनी सच जानने माराकुम्बी पहुंचा तो स्थिति इसके उलट थी। यहां दोषियों के परिवार के साथ-साथ पीड़ितों का परिवार भी दुखी और सदमे में है। उन्हें इस बात का डर है कि अब उनका ऊंची जाति के लोगों के साथ गांव में रहना और मुश्किल हो जाएगा। 24 अक्टूबर, 2024 को कोप्पल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन्स कोर्ट का दलितों के उत्पीड़न मामले पर फैसला आया। सेशन्स कोर्ट के जज चंद्रशेखर सी ने मामले में 101 लोगों को दोषी ठहराया। इनमें 98 लोगों को SC/ST (प्रिवेंशन ऑफ एस्ट्रोसाइट्स) एक्ट, 1989 और IPC की धाराओं के तहत आजीवन कारावास और 5-5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। तीन दलित आरोपियों को 5 साल कैद और 2-2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। कोर्ट ने 21 अक्टूबर को आरोपियों को दोषी ठहराया था। 24 अक्टूबर को जेल भेजने से पहले एक दलित दोषी की मौत हो गई। बाकी के दोषियों को बल्लारी सेंट्रल जेल भेजा गया। इधर, माराकुम्बी के लोग डर और सदमे में हैं। करीब 2 हजार आबादी वाले इस गांव में सामुदायिक तनाव की आशंका बढ़ गई है।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 17.76 अरब डॉलर की गिरावट

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार देश का विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त सप्ताह में 17.76 अरब डॉलर घटकर 657.89 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। पिछले सप्ताह यह भंडार 6.47 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब डॉलर था। सितंबर के अंत में भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर था, फिर से उसमें पिछले कई हफ्तों से गिरावट आई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 15.55 अरब डॉलर घटकर 569.83 अरब डॉलर रहीं। इसमें उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियां शामिल हैं, जिनमें यूरो, पाउंड, और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राएं होती हैं। साथ ही स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 2.07 अरब डॉलर घटकर 65.75 अरब डॉलर रहा और विशेष आहरण अधिकार 9.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.06 अरब डॉलर पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 5.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.25 अरब डॉलर पर आ गया। इन आंकड़ों की छठे संख्याक चिह्न है।

---

## सनकी बाप ने पत्नी और बच्चों पर किया कुल्हाड़ी से हमला , दोनों बच्चों की मौत

### पत्नी गंभीर, बाद में खुद को भी किया घायल

**सेंधवा ।** वरला थाना अंतर्गत सनकी, दानवी बाप ने मामूली पति पत्नी के विवाद को लेकर , पत्नी और मासूम बच्चो पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे बच्चो की मौत हो गयी वहीं पत्नी गंभीर घायल है ,इधर घटना के बाद सनकी ने खुद को भी गेती मार घायल कर लिया । एस डी ओ पी कमलसिंह चौहान व वरला थाना प्रभारी सौरभ बाथम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पत्नी भारती पति से विवाद होने के कारण अपने 5 वर्षीय बालक व 3 वर्षीय बालिका को लेकर मायके आ गयी थी, भूरिपड़ावा महाराष्ट्र निवासी संजय पिता नानसिंह अपनी पत्नी भारती व बच्चो को लेने उसके मायके देवली आया था , आज शनिवार सुबह 7 बजे करीब उनके बीच विवाद हुआ , और सनकी पति संजय ने अपनी पत्नी व 5 वर्षीय बेटे तथा 3 वर्षीय बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया , जिंसमे बेटे बेटी ने जगह पर दम तोड़ वहीं पत्नी गंभीर घायल हो गयी , इधर घटना के तुरंत बाद संजय ने खुद को गेती मार ली और घायल कर लिया , पुलिस को सूचना लगते ही एस डी ओ पी कमलसिंह चौहान व वरला थाना प्रभारी सौरभ बाथम सहित पुलिस बल मौके पर पहुँच गया । घटना के बाद गांव में मातम है वहीं पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है । पति पत्नी का इलाज वरला अस्पताल में जारी है जहाँ से पत्नी को गंभीर होने की वजह से रेफर करने की तैयारी चल रही थी ।



### शिल्पा शेट्टी को राहत

**जयपुर।** फिल्मी सितारों से जुड़े विवादों और कानूनी पचड़ों का रिश्ता काफी पुराना है। सीनियर एक्टर शिल्पा शेट्टी भी इस तरह के विवादों से दूर नहीं रही हैं, कभी अपने पति राज कुंद्रा की वजह से तो कभी अपने विवादित बयानों की वजह से। साल 2013 में एक टीवी इंटरव्यू के दौरान शिल्पा ने वंचित वर्ग को लेकर विवादित टिप्पणी की थी, जिसकी वजह से एक्ट्रेस के खिलाफ राजस्थान में एफआईआर भी दर्ज हुई थी और एससी/एसटी एक्ट के तहत केस भी चला था। अब इस मामले में एक्ट्रेस को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिल गई है और कोर्ट ने मामले में दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया है।

**महाराष्ट्र चुनाव**

## यह जनता का फैसला नहीं बल्कि कुछ तो गड़बड़ है

### उद्धव गुट के संजय राउत ने चुनावी नतीजों को लेकर दी प्रतिक्रिया

**मुंबई,(एजेंसी)।**

महाराष्ट्र चुनाव के रुझानों में महायुति अभी तक के रुझानों में बढ़त बनाए हुए है। वहीं महाअघाड़ी के उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना की प्रतिक्रिया सामने आई है। रुझानों में अभी तक 221 सीटों पर महायुति आगे है जबकि अघाडी केवल 55 सीटों पर आगे चल रही है। इन रुझानों पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि यह जनता का फैसला नहीं है बल्कि कुछ तो गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि महायुति ने पूरी मशीनरी को कब्जे में ले लिया है। इस राज्य की जनता बेईमान नहीं है। शिंदे के सारे उम्मीदवार कैसे जीत सकते हैं? राउत ने आगे कहा कि दो दिन पहले गौतम अडाणी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में एक गिरफ्तारी वारंट निकला है। रिश्वत का केस है दो हजार करोड़ का, उसमें बीजेपी की पोल खुल गई है। उस पर से ध्यान हटाने के लिए ये पूरी कारिस्तानी हुई है, उसकी तैयारी पहले से चल रही थी। महाराष्ट्र गौतम अडाणी की जेब में जा रहा है, हमने विरोध किया कि अडाणी राष्ट्र नहीं होने देंगे।



## सुविचार



समझदारी, ईमानदारी, वफादारी और मानविकता में ही चारों वेदों का अर्थ निहित है।

**अनित कुमार राय टिंकू, बाघमारा, धनबाद।**

## शुक्रगुजार



सौंदर्य किसी जाति-धर्म का मोहताज नहीं होता; और कमल कहाँ-कहाँ पर खिलता है। यह सबको अवगत है। एक ऐसा ही कमल खिला था परभू देवार के डेरे में सुनयना के रूप में। यौवन की दहलीज पर कदम रखा था कि सुनयना का इश्क से पाला पड़ गया। अपने ही गाँव के एक लड़के शैलेन्द्र को दिल दे बैठी। शैलेन्द्र के एक ही बुलावे पर अल्हड़ यौवन की मल्लिका सुनयना यहाँ आ गयी। रात का समय था। सुनयना के बालों पर उंगलियाँ चलाते हुए शैलेन्द्र आँखों से कुछ फरमाने लगा। सुनयना को समझने में देर न लगी। शैलेन्द्र के गाल पर तर्जनी चलाती हुई बोली- शैलेन्द्र ! यह तो बिल्कुल नहीं होगा। फिल्हाल मुझे अच्छा नहीं लगता। पहले तुम मुझसे शादी कर लो। मुझे इज्जत से अपने घर ले जाओ। शैलेन्द्र जितना अपने पर अड़ा रहा, उतना ही सुनयना की जिद भी चलती रही। आखिरकार वह टल गया।

फिर दूसरे दिन सुनयना को पता चला कि शैलेन्द्र की सगाई पक्की हो चुकी है। सुनयना की आँखें उदास तो थी, पर पहली बार वह अपनी जिद का शुक्रगुजार थी।

**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**

## जीवन की राह



'ये कहाँ आ गए हम?' मैंने उससे पूछा 'यहाँ तो बेचैनी है, परेशानी है, आपाधापी और वेदना है। ज़िंदगी के पथ पर चलते हुए हम यहाँ पहुँचना चाहते थे क्या? कौनसी जगह है यह?' 'ठीक से तो मुझे भी पता नहीं है', वह बोला 'रास्ते में जो सुरंग मिली थी, उसमें रोशनी कम थी, इसलिए भ्रमित होकर रास्ता भटक गए होंगे।''मैं तो तुम्हें फॉलो कर रहा था', मेरे स्वर में खीज का पुट आ गया था 'मुझे क्या पता था कि सही रास्ते का ज्ञान तुम्हें नहीं है।''जब जागे तभी सवेरा', वह बोला 'परेशान होना छोड़कर आगे क्या करना है, यह सोचो।'हम दोनों यानी मेरे और मेरे हमजाद के मुँह लटक चुके थे। 'अब क्या करें?' इस सवाल का जवाब ढूँढना ही सबसे बड़ी समस्या थी उस समय। 'सबसे पहले यह तय करो कि हमारी मंजिल क्या है?' उसने सुझाव दिया 'उसके बाद वहाँ पहुँचने का रास्ता ढूँढेंगे।''लक्ष्य का निर्धारण कैसे करें?' मैं सोच में पड़ गया 'खुद तय करें या किसी से सलाह लें?' 'समीक्षा करें कि जो मिला, क्या वही हमारी मंजिल है?' वह बोला। 'ठीक है ', मैं बताने लगा 'हमारे पास परिवार है, घर है और पेट भरने की व्यवस्था है। बच्चे काम से लग जाएँ यही तमन्ना बाकी है।''फिर तो कोई समस्या ही नहीं है,' उसने सांत्वना दी 'बच्चे कुछ न कुछ कर ही लेंगे। हम भी अभी कोल्हू के बैल जैसे काम कर रहे हैं, रिटायर होने के बाद खाएँगे, सोएँगे और मस्त रहेंगे। फिर एक दिन मर जाएँगे। इसलिए ये क्यों सोचना कि हम कहाँ आ गए?' 'क्या ऐसे ही चले जाने के लिए हम दुनिया में आए हैं?' मैं सिर खुजाने लगा 'हमारे विचारों में जीवन का कोई उद्देश्य नजर नहीं आता। फिर हममें और दूसरों में क्या फर्क रहा? हमें कुछ ऐसा जरूर करना चाहिए जिससे कोई याद रखे या नहीं, कम से कम हम खुद अपनी ज़िंदगी से संतुष्ट होकर आनंदपूर्वक यहाँ से जाएँ।' मैं बोल तो गया लेकिन करना क्या है, मुझे भी पता नहीं था। 'मेरी सलाह है कि आज और अभी से हम रोजमर्रा के कामों के साथ कुछ ऐसा करना भी शुरू कर दें जिससे मन को सच्ची खुशी मिले', उसने उपदेश की भाषा बोली 'इससे काफी चीजें अपने आप सुधर जाएंगी।''बहुत सुंदर बात कही है', मैं बोला 'चलो अपने अभियान की शुरुआत किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने से करते हैं।' हम दोनों फिर ज़िंदगी के रास्ते पर चल पड़े। इस बार कोई सुरंग नहीं आनेवाली थी। हमने अंतश्चेतना को गुरु और टेक्नोलॉजी को पथप्रदर्शक बना लिया था।

**रमेश रंजन त्रिपाठी**
**इंदौर**

## कंकू पत्रिका



आपने, विवाह के लिए इतना भव्य मांगलिक परिसर लिया, पकवान की सूची पढ़कर मुंह में पानी आ जाता है। जब सब कुछ आप दिल खोल कर रहे है तो निमंत्रण भी बड़े- बड़े लोगों को देकर अपना रसूख दिखाइए ! मृगेंद्र ने बिन मांगे पुष्पेंद्र को सुझाव दिया। मित्र, आप निश्चिंत रहिए मैं निमंत्रण सूची में जिन लोगों को शामिल कर रहा हु उनके पास पद, पैसा या प्रतिष्ठा भले ही कम हो मगर ये सभी बड़े लोग है। आपको जानकार अच्छा लगेगा मित्र, ये सभी वे लोग है जो मेरी विपरीत परिस्थिति में बिन बुलाए चले आए थे, यथायोग्य मदद भी की, कुछ नहीं तो शब्दों का सहारा देकर मेरा मनोबल बढ़ाया। आज जब मेरे आंगन में खुशी दस्तक दे रही है, तो मैं इन्हें कैसे भूल सकता हूं। यही तो मेरे अपने है।

**विजय सिंह चौहान**

# जहरीली हवा से जूझती जिंदगी

देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब या यों कहें कि जानलेवा बनती जा रही है। राजधानी के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार पहुंच गया है। शीर्ष न्यायालय भी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को लेकर गंभीर है और उसने सख्त उपाय करने को कहा है। केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली और आसपास के राज्यों की सरकारें अलग-अलग दावे करती रही हैं, लेकिन इससे से प्रदूषण स्तर में कोई बड़ी राहत नजर नहीं आती है। भले ही इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार कई उपाय किए और प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किए, लेकिन कारगर साबित नहीं हो पा रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ताजा रपट बताती है कि विश्व स्तर पर हवा इस हद तक जहरीली चुकी है कि हमारी सांसों में धीमा जहर घुल रहा है। फेफड़ों प्रदूषणकारी तत्त्वों की तह लग रही है, जो धीमी मौत का एक बड़ा कारण साबित हो सकता है। डब्लूएचओ की रपट बताती है कि प्रतिवर्ष लगभग पचास लाख लोग जहरीली हवा के चंगुल में आकर समय से पहले जिंदगी को अलविदा कह देते हैं। पर्यावरण के लिए काम करने वाली संस्था ग्रीनपीस की एक रपट के मुताबिक राजधानी दिल्ली दुनियाभर में सभी देशों की राजधानियों में सबसे ज्यादा प्रदूषित है। सवाल है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती ? सरकारें और राजनेता एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराने के बजाय समाधान के लिए तत्पर क्यों नहीं होते ? विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपट में पीएम 2.5 के आधार पर बताया गया है कि दुनिया के सबसे 15 शहरों में 12 शहर भारत के हैं। वायु गुणवत्ता पर रपट के मुताबिक दुनिया के 30 सबसे अधिक प्रदूषित शहर भारत में हैं, जहां पीएम 2.5 की सालाना सघनता सबसे ज्यादा है। ÷बीएमजे ÷ के अध्ययन में पाया गया है प्रदूषण वजह से भारत में हर साल कई कई लोगों की मौत होती है। पीएम यानी पार्टिकुलेट मैटर एक किस्म है। इसके कण बेहद सूक्ष्म होते हैं जो हवा में बहते हैं।



पीएम 2.5 या पीएम 10 हवा में कण आकार को बताता है। वायु में मौजूद यही कण हवा के साथ हमारे शरीर में प्रवेश कर खून में घुल जाते हैं। इससे शरीर में कई तरह की बीमारियां जैसे अस्थमा और सांसों की दिक्कत हो सकती है। गौर करने वाली बात यह है कि आबादी के लिहाज से सबसे ज्यादा नुकसान भारत को ही होता है, लिहाजा उसे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए तत्काल कुछ सार्थक और ठोस उपाय करने होंगे। दुनिया में इस समय सबसे ज्यादा बीमारियां पर्यावरण प्रदूषण की वजह से हो रही हैं। मलेरिया, एड्स और तपेदिक से प्रति वर्ष जितने लोग मरते हैं, उससे कहीं ज्यादा लोग प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से मर जाते हैं। बहरहाल, यही सवाल उठता है कि वायु प्रदूषण से हर वर्ष होने वाली मौत को रोकने के लिए सरकार की तरफ से क्या कदम उठाए जा रहे हैं? दशकों से यह बात सरकार और समाज को मालूम है, लेकिन इसको लेकर दोनों उदासीन बने हुए हैं। ऐसा लगता है कि लोग अपने त्रासदीपूर्ण भविष्य को लेकर पूरी तरह से बेखबर हैं। वास्तव में वायु प्रदूषण की समस्या इतनी जटिल होती जा रही है। कि भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है। वस्तुतः आज मनुष्य भोगवादी जीवन शैली का इतना आदी और स्वार्थी हो गया है कि अपने जीवन के मूल आधार वायु को ही दूषित कर रहा है। नैतिकता और कर्तव्य सब भूल रहा है। भौतिकतावादी जीवन शैली और विकास की अंधी दौड़ में आज मनुष्य यह भी भूल गया है कि जीवन के लिए स्वच्छ वायु कितनी आवश्यक है। बढ़ते वाहनों और कल-कारखानों से निकलते धुएं ने वायु को, वृक्षों की कटाई ने जीवनदायिनी गैसों को और मनुष्यों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी ने जल को इस तेजी के साथ प्रदूषित किया है कि अब दुगनी गति से बीमारियां फैल रही है। यह सिलसिला आज भी जारी है। मानवीय सोच और विचारधारा में इतना ज्यादा बदलाव आ है कि किसी को भविष्य की कोई चिंता नहीं है। कोई दो राय नहीं है कि आज मनुष्य प्रकृति को रिक्त करता चला जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण असंतुलन के कारण भूमंडलीय ताप, अम्लीय वर्षा, बर्फीली चोटियों का पिघलना, सागर के जल स्तर का बढ़ना, मैदानी नदियों का सूखना, उपजाऊ भूमि का घटना और रेगिस्तानों का बढ़ना आदि विकट परिस्थितियां पैदा होने लगी है। यह सब मनुष्यों की लापरवाही का नतीजा है। अफसोस की बात है कि हम फिर भी चेत नहीं हो रहे हैं। नतीजा भारत में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। चाहे केंद्र हो या फिर राज्य सरकारें, कोई भी प्रदूषण से निपटने के लिए गंभीर नहीं दिखता। जाहिर है, प्रदूषण से लड़ने के लिए दीर्घकालीन नीतियां बनाने की जरूरत है, वहीं लोगों को अपने स्तर पर वे सभी जतन करने की आवश्यकता है, जो हवा को जहरीली होने से रोकें। यह ठीक है कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने कई कदम उठाए थे। फिर भी वायु प्रदूषण से निपटने में हम फिसड्डी साबित हुए। ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बड़ी और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाती है, क्योंकि हमें विकसित और विकासशील दोनों ही प्रकार के देशों में किए जा रहे उपायों को अपनाना पड़ेगा।

**विजय गर्ग सेवानिवृत्त**
**प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार**
**स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर**
**मलोट पंजाब**

# कलियुग भगवान और पांडव

बात युगों पुरानी है । पांडव बारह वर्ष का वनवास काटने के बाद एक वर्ष का अज्ञातवास काट रहे थे । रोज उन्हें जंगलों में भेष बदल- बदल कर घूमना पड़ता था ताकि कोई उन्हें पहचान न ले । अतः वे बहुत ही कठिनतापूर्वक इस समय को काट रहे थे । एक बार वे घूमते-घूमते एक नगर के किनारे के जंगल में डेरा डाले हुए थे। तभी युधिष्ठिर को प्यास लगी । उन्होंने सहदेव को पानी लाने के लिए भेज दिया । उधर भगवान विष्णु ने कलियुग को अपने पास बुलाया और कहा कि जाओ और पांडवों को अपने युग का चमत्कार दिखाओ । अब क्या था? जिधर सहदेव पानी लाने गया था वहां पणिहारे पर जाकर भगवान कलियुग ने एक वृद्ध का वेष बनाया और बैठ गए । पणिहार ऐसा था कि पीछे मूल स्रोत में एक ही बावली थी और आगे दो चश्मे उसी मूल से निकलकर बह रहे थे । एक चश्मे में से बड़ा स्वच्छ पानी बह रहा था तो दूसरे में से खून जैसा लाल यानी खून बह रहा था । ज्यों ही सहदेव उस पणिहार पर पहुंचा ,उसने देखा एक वृद्ध वहां बैठा है। एक ही बावली से दो चश्मे फूट रहे हैं दोनों का रंग रूप प्रकृति अलग-अलग है। उसने चश्मे के साफ पानी को भरना चाहा तो वृद्ध ने उसे रोक दिया । और कहा पहले आप मेरे प्रश्नों का उत्तर दो तभी आप पानी भर सकते हो। यदि आपने मेरे प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया तो आपको मैं शिला बना दूंगा। सहदेव रुक गया ।तब वृद्ध ने प्रश्न किया कि पानी का यह मूल स्रोत तो एक है फिर इन दोनों चश्मों का रंग रूप प्रकृति अलग-अलग क्यों है? सहदेव इस प्रश्न का उत्तर नहीं दे सका। अत- वह शीला में परिवर्तित हो गया। जब सहदेव वापस नहीं आया तो उसके बाद नकुल भीम और अर्जुन वहां आए ।

परंतु कोई भी उसके प्रश्न का उत्तर न दे सका और चारों भाई वृद्ध ने शिला में तब्दील कर दिए । जब चारों भाई वापस नहीं आए तो युधिष्ठिर स्वयं उस ओर चल दिए जिधर वे चारों पानी लाने गए थे ।

जब युधिष्ठिर वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा चारों भाई वहां शिला में परिवर्तित हो गए हैं। तब युधिष्ठिर ने वृद्ध से इस घटना का कारण जानना चाहा तो वृद्ध ने बताया कि मैंने ही इन्हें शिला बनाया है क्योंकि ये मेरे प्रश्न का उत्तर न दे सके। यदि आपने भी पानी भरना है तो पहले आपको मेरे प्रश्नों का उत्तर देना होगा । अन्यथा आपके साथी भी ऐसा ही होगा जो आपके भाइयों के साथ हुआ है । यदि आप मेरे प्रश्न का उत्तर दे देंगे तो एक प्रश्न के उत्तर के बदले आपके एक भाई को पुनः जीवन दान देकर लौटा दिया जाएगा ।

युधिष्ठिर ने बात मान ली तब वृद्ध ने पहले वही प्रश्न किया जो आरंभ में सहदेव से किया था -÷यह जो चश्मा आप देख रहे हैं इनका मूल एक ही है परंतु दोनों का रूप रंग प्रकृति अलग-अलग है ,इसका क्या मतलब है? युधिष्ठिर महाराज जान गए थे कि कलयुग भगवान है। उन्होंने बताया कि कलियुग के अंदर



एक ही मां के पेट से पैदा हुए दो भाई रूप रंग प्रकृति में इन चश्मों की तरह अलग-अलग होंगे । इस उत्तर से संतुष्ट होकर वृद्ध ने सहदेव को जीवित कर दिया। अब उसने दूसरा प्रश्न पूछा, उन्होंने सामने देखा कि एक आदमी लड़कियों का गट्ठर बांधकर उठने लगता है और जब उससे वह गट्ठर उठाया नहीं जाता तो वह गट्ठर से लड़कियां निकालने की बजाय और डालता जाता है । ऐसा करते-करते वह इन्हीं लड़कियों के गट्ठर के नीचे दबकर मर जाता है । वृद्ध ने युधिष्ठिर से पूछा इस का तात्पर्य क्या है ? तब युधिष्ठिर ने कहा महाराज कलियुग के अंदर आदमी भी इस व्यक्ति की तरह अपने कुकर्मों के गट्ठर को कम करने की अपेक्षा बड़ा करता जाएगा और अंत में इसी के तरह अपने ही कुकर्मों द्वारा उसका नाश हो जाएगा । इस उत्तर से संतुष्ट हो वृद्ध ने युधिष्ठिर के दूसरे भाई नकुल को जीवित कर दिया।

अब वृद्ध और युधिष्ठिर थोड़ा आगे चले और देखा कि एक गाय और बछड़ी है । बछड़ी गाय के थनों की ओर बढ़ती है तो गाय उसे दूध नहीं पीने देती और गाय स्वयं बछड़ी के थनों को चूसती है । वृद्ध ने इस दृश्य का तात्पर्य युधिष्ठिर से पूछा ।

तब युधिष्ठिर ने उत्तर दिया- महाराज कलियुग के अंदर मां अपनी बेटी को देने की अपेक्षा बेटी से लेने की अपेक्षा रखेगी और माताएं स्वयं अपनी बेटियों की हत्यारिनें होंगी ।

उत्तर सही था ।वृद्ध ने तीसरे भाई को जीवन दान दे जीवित कर दिया। अब तीन भाई जीवित हो गए थे । एक ही बाकी रहा था । अब सभी थोड़ा आगे चले तो एक दृश्य और देखा। उन्होंने देखा कि किसी ने खेतों की रखवाली के लिए बाड़ लगाया था । परंतु वही बाड़ फसल को खा रहा है । वृद्ध ने फिर युधिष्ठिर से इस दृश्य का अर्थ पूछा । तब प्रत्युत्तर में युधिष्ठिर ने कहा - ÷महाराज कलिकाल के अंदर प्रजा का रखवाला ही प्रजा को लूट खाएगा।

उत्तर उपयुक्त था। वृद्ध ने चौथे भाई को भी जीवित कर दिया। तब अर्जुन ने युधिष्ठिर से कहा कि यह वृद्ध कौन है? तब युधिष्ठिर ने अर्जुन को बताया कि यह वृद्ध स्वयं कलियुग महाराज हैं । तब अर्जुन ने वृद्ध से आग्रह किया कि महाराज आप अपने युग का चमत्कार दिखाएं तो बड़ी अनुकंपा होगी । आग्रह स्वीकार करते हुए वृद्ध ने कहा - चलो मैं तुम्हें अपने युग की करामत दिखाता हूं। तब कलियुग महाराज ने कहा कि मैं तुम्हें हरी भरी झाड़ियां में परिवर्तित कर देता हूं और तुम सब यहां से मेरी करामात का दृश्य देखें ।

इतने में पांचो भाई हरी भरी झाड़ियां में तब्दील हो गए और कलियुग भगवान एक सोने की ईंट बन गए। सोने की ईंट रास्ते में पड़ी थी । दो भाई वहां से गुजरे ।

एक भाई परदेस जा रहा था दूसरा भाई उसे छोड़ने जा रहा था। जब उन्होंने ईंट देखी तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों ईंट पर झपट उठाने लगे । ईंट जमीन में धंसी होने के कारण न उठाई गई । उन्होंने निश्चय किया कि एक भाई घर जाकर कोई औजार ले आए ताकि जमीन से यह सोने की ईंट खोदी जा सके । तब एक भाई घर औजार लाने वापस चला गया । घर जाकर यह ईंट की बात उसने अपनी पत्नी को कह सुनाई । उनके मन में पाप बस गया । उसकी पत्नी ने कहा इस ईंट के तो दो हिस्से हो जाएंगे ।अतः हमें तो आधा हिस्सा ही मिलेगा ।हम एक तरकीब लगाते हैं कि उसके भोजन में जहर मिला देते हैं । फिर वह तो भोजन खाकर मर जाएगा और सारी ईंट हमारी हो जाएगी । उसने औजार और उसके लिए विष से युक्त भोजन लिया और वापस उस रास्ते की तरफ चल पड़ा जहां ईंट पड़ी थी । उधर यही बात दूसरे भाई के मन में भी उठी उसने सोचा मैं उसे आते ही क्यों न मार दूं और सारी ईंट मेरी हो जाएगी । जब दूसरा भाई औजार और रोटी ले वहां पहुंचा, वहां बैठा भाई उस पर झपट पड़ा औरउसने उसे मार दिया । अब वह निश्चिंत हो गया कि अब मजे से ईंट निकालता हूं पहले रोटी खा लेता हूं । और वह ज्यूं ही भोजन करने लगा जहर वाला भोजन खाते ही वह भी मर गया। तब कलियुग महाराज रूप बदलकर अपने स्वरूप में आ गए और उन्होंने पांडवों को भी झाड़ियों से मनुष्य रूप में बदल दिया । तब कलियुग महाराज ने पांडवों से कहा - देख लिया आपने मेरी युग की करामात को। मेरे युग में हाथों-हाथ फैसला हुआ करेगा ।जो जैसा करेगा उसे वैसा ही फल मिलेगा। यही मेरे युग की करामात है। यह कहकर कलियुग भगवान अंतर्ध्यान हो गए और पांडव अपने अगले पड़ाव की ओर चल दिए।

**अशोक दर्द**
**गांव घाट डाकघर शेरपुर**
**तहसील डलहौजी जिला चंबा**
**हिमाचल प्रदेश 176306**
**मोबाइल 9418248262**

## कहानी

# यादों का पन्ना

आज नंदिनी काफ़ी पुराने यादों में ना जाने क्यों उलझ गई, या यूँ कह सकते हैं इस उलझन को सुलझाना ही नहीं चाहती थी। वो सोचने लगी खोला जो जिंदगी की किताब का शुरुआती पृष्ठ, याद आ गई काली जी की मूर्ति और आम का वृक्ष। पच्चीस से तीस वर्षों में छ या सात बार ही नंदिनी और केशव घर से काफ़ी दूर उस छायादार आम के वृक्ष के नजदीक गए होंगे। केशव, नंदिनी का पड़ोसी था , पारिवारिक दोस्ती भी थी अच्छी खासी।संबंधों में भी काफ़ी गहराई और सच्चाई थी और दोनों परिवारों ने उसे सच्चे मन से निभाई भी।कुछ भी होता नंदिनी फट से कहती केशव चल ना जरा ऑफिस पहुँचा दे।थोड़ा रोड पर तफरी तो करवा दे।एक दिन केशव ने आवाज लगाई नंदिनी नई कार खरीदी है चल तुझे तफरी करवाता हूँ और निकल पड़े। दोनों परिवारों में संबंध इतनी अच्छी थी कि कोई टोकता नहीं था।दोपहर जून के महीने में ना जाने वह कौन सा था रास्ता, पर नंदिनी को इससे तो कुछ भी वास्ता नहीं था।उसे तो गाड़ी में घूमने का शौक था और केशव हो साथ तो पूरा बेखौफ। अचानक केशव ने गाड़ी रोकी एक पुरानी मंदिर, काली जी की भव्य मूर्ति दोनों ने जाकर सुमन अर्पित की। फिर केशव काली जी की शीश पर लगा सिंदूर को अपनी उंगलियों में लगा लिया। केशव ये क्या किया तुमने, ऐसा किया जाता है? क्या भगवान ज्यादा आशीर्वाद देते हैं।उसने कुछ नहीं कहा।फिर आया वही आम का वृक्ष, दोनों गाड़ी से उतर कर उस वृक्ष के छाँव तले बैठ गये। केशव ने कहा नंदिनी जरा देख इधर,नंदिनी ने इतरा कर कहा ले देख ले जी भर कर। फिर केशव ने वह सिंदूर लगी उंगली को नंदिनी की मांगों में लगा दिया।ना जाने उस पल क्या जिया था उन्होंने। नंदिनी की आँखें अपने आप ही मूँद गईं , केशव ने कहा आँखे क्यों बंद की, नंदिनी ने कहा पता नहीं खुद ब खुद हो गई।ना जाने क्या हुआ था, मौन अधर झुकी नजर,वह अपलक देखता रहा और मन ही मन सोचा बिल्कुल वैसा ही सिर्फ इतना कहा।फिर वापस घर लौटने लगे । दोनों ने महसूस किया उसके बाद खुल कर बात नहीं कर पा रहे। पुरे रास्ते ख़ामोशी, नंदिनी ने सिर्फ इतना कहा क्या किया तुमने केशव अब बताओ भला इसे हटाए कैसे, समझते हो सिंदूर पोछना।केशव उसके सिंदूर को पोंछने के लिए हाथ



बढ़ाया लेकिन नंदिनी ने उसे वहीं रोक दिया। अब घर भी आ चूका था नंदिनी ने अपनी मांग को छुपाया और एक आवरण चेहरे पर रख कर पहले की भांति कमरे में चली गई। उसके बाद दोनों पहले की तरह बिल्कुल भी बातचीत नहीं कर पा रहे थे। कुछ था जिसने जुबां पर ताला लगा दिया था लेकिन दिल में नए-नए जज्बात प्रबल हो रहे थे। केशव घर का इकलौता लड़का था। उसकी शादी की बात जोरों से चलने लगी और उसकी शादी कुछ दिनों बाद हो गई, किंतु ना नंदिनी ने नाराजगी दिखाई ना केशव ने।किसी ने कुछ नहीं कहा। अब नंदिनी की बारी आई विवाह की। पंडित ने कहा इसकी तो एक शादी हो चुकी है इसके हाथों की रेखा कह रही है। किसी तरह पंडित को कहा गया और शादी हुई।नंदिनी ने पंडित की बात को दिल से लगा लिया उसकी शादी विधिवत तो नहीं हुई किंतु केशव ने उसके मांग पर काली जी पर चढ़ाई सिंदूर तो लगाई ही थी । खैर नंदिनी की शादी हुई। समय गुजर रहा था,सभी अपने अपने जीवन में व्यस्त।अचानक इतने वार्षो बाद नंदिनी को वह बक्सा याद आया और विदाई के वक़्त केशव की माँ की दी हुई वो फाइल , जो केशव की माँ ने दिया था यह कहते हुए कि केशव ने दिया है तुम्हें देने को। आश्चर्य की बात यह थी कि उस बक्शे पर किसी का ध्यान भी नहीं गया था फुर्सत में थी नंदिनी इत्मीनान से उस फाइल को देखना शुरू की।यह तो डायरी थी केशव की लिखी हुई।एक-एक कर दस वर्षों को उन पन्नो में जी लिया।धुंधला गई थी आँखे शब्द नजर नहीं आ रहे थे,अंत लाइन था, कभी हिम्मत ही नहीं हुई नंदिनी तुम्हे अपने मन की बात बताने की। मुझे डर था कहीं तुम बातें करना ना छोड़ दो और हुआ भी वही। जब भी आँखें बंद करता था तुम भरी हुई मांगों में ही दिखती, सच मानो तुम उस दिन बिल्कुल वैसे ही नजर आई।पता ही नहीं चला यह बचपना था या अल्हड़ पन, कब प्रेम में परिणत हो चुका था।क्षमा करना मुझे, तुम्हारे अंतर्मन को अगर व्यथित किया हो। अब तो गंगा जमुना की धारा बह निकली और बुदबुदायी, कहा क्यों नहीं। कॉल बेल बजा उन्होंने कहा फिर आँखें फिर फुली है तुम्हारी, आज भी लगता रोई हो पापा को याद करके।लेकिन कह न पाई पापा को नहीं याद की। ना जाने क्या अंदर में था जी भर के रोई।

अब उन्होंने कहा चलो आज तुम्हें मैं तफरी करवाता हूँ।उसी आम के वृक्ष के नीचे पहुँची, फाइल को इनसे छुपा, वही रखा और वापस घर की तरफ। गाड़ी में कुमार विश्वास का एक गाना चल रहा था मांग की सिंदूर रेखा तुमसे यह पूछेगी कल, यू मुझे सर पर सजाने का तुम्हें अधिकार क्या है, तुम कहोगे वह समर्पण बचपना था, गर वहसब कुछ बचपना था तो कहो फिर प्यार क्या है नींद खुली ये बालकनी में चाय के साथ मेरा इंतजार कर रहे थे।सामने बहती नदी रोज आवाज करती थी आज उसकी ध्वनि बहुत मधुर लग रही थी शांत, कल कल निर्मल, विमल। लेकिन मन के किसी कोने में वो भावनायें जो उस वक्त नहीं थी,डायरी के पढ़ने के बाद अंतस में चुपके से अपना घर बना चुकी था जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मकाम वह कभी नहीं आते

**सविता सिंह मीरा**
**जमशेदपुर**

## सराफा विद्या निकेतन का 49वां वार्षिकोत्सव संपन्न



इन्दौर। आयकर विभाग के प्रिंसिपल कमिश्नर राहुल रमन और एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया के मुख्य आतिथ्य में सराफा विद्या निकेतन का 49वां सालाना उत्सव मनाया गया। इसमें गीत-संगीत के साथ धार्मिक नृत्य और होनहार विद्यार्थियों का गोल्ड मेडल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार जौहरी अजय नीमा ने अपनी मां पुष्पा देवी नीमा की स्मृति में प्रगति चौरसिया को प्रदान किया।

## बेस्ट प्राइज रिटेल स्टोर के कर्मचारियों ने किया पौने पांच लाख का गबन



**तेल के बॉक्स भेजने थे इंदौर, आरोपियो ने भोपाल में ही दूसरे व्यापारी को बेच दिये**

इंदौर। मिसरोद इलाके में स्थित बेस्ट प्राइज रिटेल स्टोर के कर्मचारियों द्वारा तेल के बॉक्स बेचने में हेराफेरी करते हुए पौने पांच लाख का गबन किये जाने का मामला सामने आया है। यह पैकेट इंदौर भेजे जाने थे, लेकिन स्टोर के दो कर्मचारियों ने इन्हें इंदौर भेजने के बजाए भोपाल में ही किसी दूसरे व्यपारी को बेच दिया।

थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर में रहने वाले फरियादी सचिन सोनी पुत्र विजय सोनी (39) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह किराना कारोबारी हैं। सितंबर महीने में उन्होंने भोपाल के मिसरोद क्षेत्र में स्थित बेस्ट प्राइज रिटेल स्टोर से तेल के पैकेट खरीदने के लिए बुकिंग की थी। माल के लिये उन्होंने 4 लाख 80 हजार 721 रुपए का भुगतान भी कर दिया था। एंडवास देने के बाद बीती 2 सितंबर को 345 तेल के बॉक्स बेस्ट प्राइज से उन्हें डिलेवर करने के लिये इंदौर रवाना किए गए थे।

भोपाल से भेजा गया माल 27 सितंबर तक उन्हें डिलेवर हो जाना था, लेकिन तय समय के बाद भी जब माल की डिलीवरी नहीं हुई तब सचिन ने रिटेल स्टोर से जानकारी मांगी लेकिन उन्हें वहाँ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। गड़बड़ी की आशंका होने पर उन्होंनें मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की।

आवेदन की जॉच में सामने आया कि बेस्ट प्राईज के कर्मचारी आशीष शर्मा और शिवम चतुर्वेदी को फरियादी का माल इंदौर पहुंचाने का काम सौपा गया था। दोनो ने रिटेल स्टोर से माल लोड तो करवाया लेकिन उसे इंदौर न भेजते हुए भोपाल में ही किसी अन्य व्यापारी को बेच दिया। जांच के आधार पर पुलिस ने दोनों कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## इन्दौर की चिकित्सीय टीम द्वारा सब जेल जोबट में मेडिकल कैंप



इन्दौर। सब जेल जोबट में परिरुद्ध बंदियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, इन्दौर की चिकित्सीय टीम द्वारा मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिनिशा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कल्पना व डॉक्टर ईशा चौकसे, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल गर्ग, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर आकाश चौकसे, ऑप्टोमेट्रिस्ट श्री राहुल नर्सिंग स्टाफ श्री संजीत व श्री अनिल PRO श्री पवन जैन द्वारा बंदियों की जांच एवं उपचार किया गया। कैंप के माध्यम से मेडिसिन विशेषज्ञ द्वारा 19, हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा 08, दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा 10, नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 11 बंदियों की जांच की गई एवं आवश्यक उपचार किया गया।

## गुरव समाज कल्याण संघ आयोजित करेगा परिचय सम्मेलन

इंदौर। गुरव समाज के प्रादेशिक संगठन गुरव समाज कल्याण संगठन मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश की समस्त पंचायतों एवं सामाजिक बंधुओं के सहयोग से समाज में अत्यंत ज्वलंत मुद्दे जिसमे सर्वप्रथम युवक युवती परिचय की आवश्यकता को देखते हुए। प्रदेश अध्यक्ष बलराम काले ने बताया कि गुरव समाज कल्याण संघ की पूर्व कार्य योजना अंतर्गत आगामी वर्ष 2025 में प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाना है। पूरे प्रदेश से युवक युवती और समाज बंधु शामिल होंगे। जिसकी तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी है। संघ द्वारा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए, नवीन सदस्यों को संघ में सदस्यता दी गई है जिसमें उमेश चोलकर हरदा, मनीष निमाडे खरगोन , हेमंत मोराने हरदा, श्रीमती प्रेमलता अश्विन चोलकर बड़वानी को शामिल किया गया है।

# इंदौर संभाग के उदयगढ़ में आयोजित हुआ मेगा स्वास्थ्य शिविर

**6774 हितग्राहियों ने लिया चिकित्सकीय सुविधाओं का निःशुल्क लाभ**





**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर संभाग के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर इंदौर संभाग के सभी जिलों में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान एवं कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में सिकल सेल एनीमिया, हृदय रोग, त्वचा से संबंधित रोग, सोनोग्राफी, आर्थोपेडिक, शिशु रोग, स्तन कैंसर की जांच, सरवाईकल केंसर की जांच, नेत्र परीक्षण,दंत रोग से संबंधित जांच एवं अन्य जांच एवं उपचार किये गये। सांसद श्रीमती चौहान एवं कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने जांच एवं उपचार के लिए नियत किए गए सभी स्टाल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में आये नागरिकों से चर्चा भी की। सांसद श्रीमती चौहान ने कैंसर रोग की स्क्रीनिंग के लिए प्रशिक्षण देने आए दल से चर्चा की एवं उन्होंने प्रशिक्षण ले रही स्थानीय महिलाओं से स्थानीय भाषा में बात की। इसके साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए स्थापित केंद्र का भ्रमण कर उसकी प्रगति भी देखी। सांसद श्रीमती चौहान ने शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ किए जाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि नागरिकों को निःशुल्क समुचित उपचार मिले। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने दवाई वितरण केंद्रों पर पहुंचकर पैरामेडिकल स्टाफ के साथ दवाई भी वितरित की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजन उपचार के लिए दूर तक जाने के लिए विवश होते हैं, उनके लिए संभागायुक्त श्री सिंह की पहल




पर शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में पूरे संभाग से विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित हुए हैं, जो निःशुल्क रूप से उच्च स्तर की जांच कर उपचार प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान जिले के विद्यालयों के 1250 से अधिक बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उनकी जांच कर आवश्यकता के अनुरूप उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने बताया कि इस स्वास्थ्य कैंप में कुल 6 हजार 774, इसमें 2184 शिशु रोग, 802 जनरल मेडिसिन, 645 हड्डी रोग, 448 स्त्री रोग, 395 आयुष, 345 फिजियोथेरेपी, 270 दंत रोग, 255 नेत्र रोग, 192 चर्म रोग, 180 नाक कान गले संबंधित रोग, 172 श्वास संबंधित रोग, 152 सर्जरी, 134 मनोरोग, 72 क्षय रोग, 57 सर्वाइकल कैंसर, 30 न्यूरोलॉजी, 19 कार्डियोलॉजी, 11 कैंसर संबंधित जांच एवं उपचार विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया गया। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने बताया कि डॉक्टर रेनू दुबे शर्मा गायनेक एवं ओंकोसर्जरी कंसल्टेंट द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी अलीराजपुर एवं गायनेक ओंको केयर फाउंडेशन के माध्यम से जिले की 50 महिलाओं को कैंसर पूर्व अवस्था की पहचान का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिक्विड बेस्ड साइटोलॉजी प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा दिया गया। जिसके माध्यम से कैंसर जैसे गंभीर रोग का डायग्नोसिस समय पूर्व करने में मदद मिलेगी। इस दौरान सर्वाइवल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर की जांच एवं स्क्रीनिंग के लिए पोर्टेबल वैन के माध्यम से जांच की गई। इस दौरान जिले की महिलाओं को इस संबंध में जागरूकता प्राप्त हुई, साथ ही उनकी स्क्रीनिंग भी की गई। डॉक्टर सोनिया गोठवाल ने बताया कि इस दौरान संभाग के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने स्क्रीनिंग में भाग लिया। इन दोनों वैन के माध्यम से 57 महिलाओं ने सर्वाइवल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग में भाग लिया। इस दौरान दंत रोग से संबंधित जांच करने एवं रक्त दान करने के लिए भी विशेष वैन इंदौर से उपस्थित हुई थी। जिसके माध्यम से 270 दंत रोग से संबंधित जांच की गई। कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने अंत में स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए संभाग से आये सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ का आभार व्यक्त किया । इस कैंप के क्रियान्वयन के लिए अलीराजपुर स्वास्थ्य विभाग के 18 डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, राजस्व विभाग एवं जिला पंचायत स्टाफ उपस्थित था। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के उप संचालक इंदौर संभाग डॉ. सी. एस. शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री जीपी अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. देवेंद्र सुनहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 12वीं फेल की सफलता के बाद जीरो से रीस्टार्ट फिल्म अगले माह

**उपन्यास को फिल्म स्क्रिप्ट में बदलने में करना पड़ी बड़ी मशक्कत : पाठक**



**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** 12वीं फेल फिल्म की जबरदस्त सफलता के बाद निर्माता-निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा इस फिल्म की प्रीक्वल 'जीरो से रीस्टार्ट' ला रहे हैं। यह फिल्म 13 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर जारी हुआ। यह जानकारी 12 वीं फेल फिल्म के लेखक अनुराग पाठक ने स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के संवाद कार्यक्रम में दी। मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए वाणिज्यिककर विभाग के संयुक्त आयुक्त श्री पाठक ने बताया कि आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा और उनकी आईआरएस इंस्पेक्टर पत्नी श्रद्धा जोशी के जीवन पर आधारित 12वीं फेल फिल्म हाल ही के वर्षों में सबसे प्रेरणादायक फिल्म रही। उन्होंने बताया कि वे और आईपीएस अधिकारी शर्मा दोनों की प्रारम्भिक शिक्षा ग्वालियर अंचल में हुई इसलिए वे सारे संघर्षों से वाकिफ रहे। शिक्षा और शासकीय सेवा में आने के बाद जब उन्हें लगा कि युवाओं को प्रेरणा देना चाहिए तब उन्होंने शर्मा की सहमति लेकर 12वीं फेल किताब लिखी। हिंदी के बाद अब यह किताब अंग्रेजी, असमिया, पंजाबी, मराठी आदि भाषाओं में प्रकाशित होकर खूब बिक रही है। प्रीक्वल फिल्म जीरों से रीस्टार्ट में अभिनेता विक्रम मैसी ही रहेंगे। उनकी भी छोटी सी भूमिका नज़र आएगी। श्री पाठक को हाल ही में आईफा अवार्ड में दो कैटेगिरी में सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से 2023 तक 12वीं फेल पुस्तक को फिल्म की कहानी में बदलने का काम चलता रहा। इस अवधि में उन्होंने सैकड़ों मर्तबा निर्माता-निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा से प्रत्यक्ष और जूम पर मीटिंग की। श्री पाठक ने बताया कि उपन्यास और किताब को फ़िल्म स्क्रिप्ट में बदलने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ी। किताब लिखने में लेखक के पास पूर्ण स्वतंत्रता होती है जबकि फ़िल्मी स्क्रिप्ट में कई बंदिशों का ख्याल रखना पड़ता है। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी ने मेरी पुस्तक पढ़कर इस पर बेहतरीन फिल्म बनाए जाने का सुझाव श्री चोपड़ा को दिया था। लेखक श्री पाठक ने कहा कि उनकी प्रारंभ से इच्छा रही कि मनुष्यता को ऊपर उठाने के लिए कोई कार्य किया जाए। इस दिशा में उन्होंने लेखन का कार्य चुना। इस पुस्तक के पहले वे व्हाट्सएप पर क्रान्ति पुस्तक भी लिख चुके हैं। अन्य विषयों पर उनका लेखन कार्य जारी है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि लेखन के दौरान विभाग के उच्च अधिकारी राघवेन्द्र कुमार सिंह एवं लोकेश जाटव का प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है।

ह्यह्य0श्चउनका मानना है कि लेखन कार्य करने की वजह से उनके कार्यालयीन कार्यक्षमता में भी वृद्धि हुई। लेखन कार्य से वे अपने अन्य कार्यों में उर्जा प्राप्त करते हैं। प्राराम्भ में श्री पाठक का स्वागत अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, महासचिव अभिषेक बड़जात्या, रचना जौहरी, सोनाली यादव, मीना राणा शाह, अर्जुन नायक एवं डॉ दीपक जैन ने किया। कार्टूनिस्ट गोविन्द लाहोटी 'कुमार' ने श्री पाठक को कैरीकेचर भेंट किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी एवं लेखन-अभिनय में रूचि रखने वाले विद्यार्थी मौजूद थे।

## स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिये दिया जा रहा है प्रशिक्षण

इंदौर। प्रदेश में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना सशक्त करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण योजना चलाई जा रही है। योजना से प्रदेश में करीब एक लाख 50 हजार बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया है।

योजना में 15 हजार 245 शासकीय विद्यालयों की 80 हजार 466 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिलाया गया। इसी के साथ प्रदेश में संचालित 207 कस्तूरबा गांधी विद्यालय और 324 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास में अध्ययनरत 70 हजार 450 बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 1 से 8 की बालिकाओं के विद्यालयों के लिये प्रशिक्षण राशि भी जारी की है।

### दृष्टि बाधित बच्चों को पुस्तकों का वितरण

स्कूल शिक्षा विभाग ने दृष्टि बाधित बच्चों की सुविधा को देखते हुए उनके पाठ्यक्रम की समस्त पुस्तकें ब्रेल लिपि में उपलब्ध करवाई हैं। ब्रेल लिपि पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण शासकीय ब्रेल प्रेस भोपाल से कराया गया है।

### दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पढने वाले दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविरों के माध्यम से कराया गया। पिछ्ले वर्ष 30 जिलों के विकासखंडों पर आयोजित शिविर में 6 हजार 560 दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें उनकी आवश्यकता के उपकरण वितरित किये गये। इसी के साथ दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को भी गृह आधारित शिक्षा एवं बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर फेस-टू-फेस प्रशिक्षण जिला स्तर पर प्रदान किया गया है।

## बिजासन रोड स्थित अखंड धाम पर 57वें अ.भा. अखंड वेदांत

**संत सम्मेलन की तैयारियां शुरू- प्रचार सामग्री का लोकार्पण**

इंदौर । बिजासन रोड स्थित प्राचीन अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर 57वां अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन 15 से 21 दिसम्बर तक आयोजित होगा।



सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगदगुरू स्वामी श्री रामदयाल महाराज, जगदगुरू शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी श्री ज्ञानानंद तीर्थ, युग पुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज एवं वृंदावन के आचार्य महंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद सहित देश के अनेक प्रमुख जाने-माने संत-विद्वान शामिल होंगे। प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक संत-विद्वानों के प्रवचनों की अमृत वर्षा होगी।

संत सम्मेलन की आयोजन समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, संयोजक किशोर गोयल, महासचिव सचिन सांखला एवं सचिव भावेश दवे ने बताया कि आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद महाराज की 57वीं पुण्यतिथि के अवसर पर होने वाले इस सात दिवसीय सम्मेलन में आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चेतन स्वरूप की अध्यक्षता में इस बार भी सम्मेलन में वेदांत से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विचार-मंथन किया जाएगा।

जीवन में गुरू का महत्व, सनातन धर्म, शिवोहम की महिमा, अध्यात्म की आवश्यकता, मानव जीवन में वेदांत की उपयोगिता और धर्म संस्कृति से क्यों जुड़ना चाहिए जैसे विषयों पर देशभर के संत प्रतिदिन विचार मंथन करेंगे। इस दौरान सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर संकल्प भी लिए जाएंगे। सम्मेलन में अनेक जन प्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी शामिल होंगे।

आज अखंडधाम में आयोजित एक समारोह में अखंड धाम आश्रम के महामंडलेश्वर ड़ॉ. स्वामी चेतन स्वरूप के सानिध्य में संत सम्मेलन के प्रमुख संरक्षक समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, न्यायमूर्ति सत्येंद्र जोशी, विष्णु बिंदल एवं समाजसेवी विजय अग्रवाल ने 57वें संत सम्मेलन की प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर स्वामी राजानंद, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, विजयसिंह परिहार, पार्षद निरंजनसिंह चौहान गुड्डू, अशोक गोयल, संजय मंगल एवं अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे। अध्यक्ष हरि अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल एवं बालकृष्ण अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्मेलन की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।

### बैंड-बाजा और बरात से चहका इलेक्ट्रानिक, सोना चांदी व आटोमोबाइल बाजार

# मैरिज गार्डन में वैन्यू और मेन्यू भी हो गए हैं दोगुने

**इंदौर ।** देवशयनी एकादशी से शुरू हुए सहालग सीजन के साथ ही इलेक्ट्रानिक, आटोमोबाइल और सोना-चांदी बाजार में खरीदारी ने जोर पकड़ लिया है। स्थिति यह है कि इलेक्ट्रानिक उत्पादों पर 10 से 15 प्रतिशत तक कीमत बढने के बाद भी जमकर बुकिंग चल रही है। वहीं मैरिज गार्डन में वैन्यू और मेन्यू भी दोगुने हो गए हैं। आने वाले दिनों में अभी बाजार में और तेजी आएगी। एक अनुमान के मुताबिक शहर में आयोजित आगामी विवाह समारोहों से करोड़ों रुपये मार्केट में आने की तैयारी है।

इलेक्ट्रानिक उत्पादों की खरीद पर लोगों को पांच हजार से लेकर छह हजार तक की छूट दी जा रही है। शोरूम संचालकों ने विवाह के पैकेज तैयार किए हैं। उधर आटोमोबाइल सेक्टर में भी शादी में उपहार में देने के लिए दस लाख तक रेंज की कारों की बिक्री तेज हो गई है। इतना ही नहीं कुछ कंपनियां प्रीमियम गाडियों पर छूट भी दे रही हैं। इसके साथ ही दो पहिया वाहनों की बिक्री भी बढ़ी है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर कंपनियां छूट दे रही हैं। कुछ कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहन खरीदी पर 17 हजार 500 रुपये तक का केश बैक भी दे रही हैं।

**मनपसंद ज्वेलरी के आगे चढ़े भाव भी बेअसर**

शादियों में सबसे ज्यादा जरूरी वस्तुओं में ज्वेलरी होती है। इस बार सोने-चांदी के भाव में तेजी है, लेकिन इसका कोई असर सहालग की तैयारियों में लगे लोगों पर नहीं दिख रहा है। बहू-बेटी के लिए पसंद की ज्वेलरी देने का इरादा लेकर आए खरीदार जमकर ज्वेलरी खरीद रहे हैं। हालांकि इस बार हल्की ज्वेलरी का चलन बढ़ा है। बहू-बेटी के लिए ही नहीं बल्कि दामाद और बेटे के लिए भी अंगूठी, सोने की चेन, ब्रेसलेट आदि की खरीदारी हो रही है। सहालग के चलते ज्वेलरी की बिक्री 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इस सप्ताह बाजार में और तेजी देखने को मिल सकती है।

**लग्जरी कार से लेकर शानदार बाइक का क्रेज**

शादियों में कार और बाइक उपहार में देने का भी रिवाज है। इस बार बंपर सहालग होने से आटोमोबाइल कारोबार भी बड़ी उम्मीद लेकर बैठा है। नवंबर से फरवरी तक शादियां होने से कार और बाइक कारोबार से जुड़े कारोबारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद है। शादी में उपहार में देने के लिए 10 लाख तक की रेंज की कारों की बिक्री तेज हो गई है। हालांकि कुछ कारों का स्टाक नहीं होने के कारण बुकिंग कराने के बाद भी गाड़ी के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

**कीमत में बढ़ोत्तरी के बाद भी बुकिंग**

शादियों के चलते इलेक्ट्रानिक्स सामान की बिक्री 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। सबसे ज्यादा एसी, रेफ्रिजरेटर, एलइडी और वाशिंग मशीन की डिमांड है। हालांकि इलेक्ट्रानिक उत्पादों की कंपनियों ने कीमत बढ़ा दी हैं, लेकिन शादी में उपहार के लिए इनकी बुकिंग जारी है। शोरूम संचालक होम डिलेवरी फ्री कर रहे हैं। साथ ही अपने पैकेज पर छूट भी दे रहे हैं। इतना ही नहीं इस बार कुछ नए माडल भी बाजार में आए हैं। शादी-विवाह में कपड़े की बिक्री खासी बढ़ जाती है। यही कारण है कि कपड़ा महंगा होने के बावजूद भी जमकर बिक्री होगी। व्यापारियों का कहना है कि शादी के इस मौसम में कपड़ा मार्केट में भी अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

### फ्रेंड्स ऑफ़ मध्यप्रदेश का तेजी से 17 देशों में विस्तार हुआ : प्रमित माकोड़े

# पूरी शक्ति के साथ राज करते नजर आयेंगे राष्ट्रपति ट्रम्प



**इंदौर।** ग्लोबल सिटिजन फोरम अमेरिका के अध्यक्ष प्रमित माकोड़े ने कहा कि 20 जनवरी के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पूरी शक्ति के साथ राज करते हुए नज़र आयेंगे । अमेरिकी इतिहास में 40 साल बाद ऐसा अवसर आया है जब निचले सदन हाउस ऑफ रेप्रेसेंटेटिव, उच्च सदन सीनेट, विभिन्न राज्यों में गवर्नर और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में रिपब्लिकन पार्टी का बोलबाला है। श्री माकोड़े स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के संवाद कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बेतहाशा मंहगाई, लाखों की संख्या में अवैध रूप से अमेरिका प्रवेश, अबार्शन, ट्रांसजेंडर और ड्रग्स एंड क्राइम हाल ही के चुनाव में प्रमुख मुद्दे बने। अमेरिका में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी दोनों कमोबेश बराबर स्थिति में है लेकिन इन मुद्दों की वजह से अमेरिकी मतदाताओं ने ट्रंप को दोबारा राष्ट्रपति चुना। अमेरिका के इतिहास में 250 साल बाद ऐसा अवसर आया है जब कोई व्यक्ति लगातार तीन बार राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा और दो मर्तबा जीता। श्री माकोड़े ने बताया कि 78 वर्षीय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चुनाव जीतने के बाद अपनी प्रभावी और सख्त टीम के गठन में व्यस्त हैं। 20 जनवरी को अमेरिकी उदघाटन दिवस के बाद वे नए रूप में राज करते हुये दिखाई देंगे। एक प्रश्न के जवाब में श्री माकोड़े ने बताया कि अमेरिका में दो व्यक्तियों के बीच मुकाबला होता है जबकि भारत में अनेक पार्टियां मैदान में होती हैं।

श्री माकोड़े ने बताया कि अमेरिका में भारतीयों की कुल जनसंख्या 1.25 प्रतिशत है और यह छः प्रतिशत टैक्स देते हैं। अमेरिका में भारतीयों की परकेप्टा इनकम भी अधिक है जिस वजह से भारतीयों को इज्जत के साथ देखा जाता है।

जबसे नरेन्द्र मोदी ने भारत की कमान संभाली है तब से भारतीयों को लेकर अमेरिका की सोच बदली है। मोदी और ट्रंप के रिश्ते जग जाहिर हैं। हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप ने दोहराया कि व्हाईट हॉउस में भारत का सच्चा दोस्त बैठा है। मूल रूप से इंदौर के श्री माकोड़े ने बताया कि अमेरिका में फ्रेंड्स ऑफ़ मध्यप्रदेश÷ संस्था का विस्तार तेजी से चल रहा है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, लन्दन, दुबई, जापान जैसे 17 प्रमुख देशों में चार हजार से अधिक मेंबर मध्यप्रदेश के विकास के लिए जुट गए हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमेरिका में आकर मध्यप्रदेश के निवासियों से मुलाक़ात कर मध्यप्रदेश में निवेश का आग्रह किया था। यह क्रम कई वर्ष चला। विवेक अग्रवाल, मोहम्मद सुलेमान, एस के मिश्रा जैसे प्रशासनिक अधिकारियों ने भी रूचि लेकर निवेश की राह आसान की। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोस्टन में इंडियन कांसुलेट की स्थापना की घोषणा की है।

बोस्टन से मोदी जी का विशेष लगाव है। उन्होंने वहां रहकर अपनी पार्टी का कार्य भी किया है। बोस्टन के अलावा न्यूयार्क, शिकागो, न्यूजर्सी, डैलास, मियामी आदि इलाकों में इन्डियन स्टूडेंट्स की खासी तादात है। पहले पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए स्टूडेंट अमेरिका आते थे लेकिन अब 12वीं के बाद ही स्टूडेंट अमेरिका आ रहे हैं। फ्रेंड्स ऑफ़ मध्यप्रदेश अपने राज्य से आने वाले स्टूडेंट की हर संभव मदद करता है। इंडो-यूएस हेल्थ इनिशेटिव संस्था के प्रमुख श्री माकोड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की प्राचीन चिकित्सा, आयुर्वेद, योग आदि को लेकर विश्वभर में फैलाने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। शुगर जैसी बीमारी की रोकथाम के लिए भी भारत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका में दवाइयों पर अत्यधिक खर्च हो रहा है इस वजह से इलाज के वैकल्पिक तरीके खोजे जा रहे हैं। अमेरिका में इस वक्त 11 लाख नर्सों की कमी दर्शाती है कि वहां विभिन्न रोगों के मरीजों की संख्या कितनी अधिक है। अमेरिका में रोजाना डिप्रेशन के शिकार 17 लोग आत्महत्या कर रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दरमियान विभिन्न चैनलों पर विशेषज्ञ के रूप में आने वाले श्री माकोड़े ने बताया कि भारत की तरह ही अमेरिका में भी मीडिया दो धाराओं में बंटा हुआ है। भारत की तरह अमेरिका में भी लेफ्ट से प्रभावित मीडिया अलग तरह का नरेटिव सेट करने में लगा रहा जबकि नागरिक कुछ और चाह रहे थे। उन्होंने बताया कि भारत की तरह अमेरिकी नागरिक भी सोशल मीडिया की जकड़न में है। एक रिसर्च के मुताबिक़ अमेरिका के करीब 20 प्रतिशत सोशल मीडिया यूजर्स पोर्नोग्राफी देखने पर समय बर्बाद कर रहे हैं। यही लोग नशे और बलात्कार जैसे अपराध बढ़ाते हैं। सरकारों को इस मामले में सख्ती से कदम उठाना चाहिए। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस एआई के सन्दर्भ में उन्होंने बताया कि अगले 12 वर्षों में इस क्षेत्र में दस ट्रिलियन डॉलर का कारोबार होगा।

दुनियाभर में दस-बारह हजार कम्पनियां इस मामले में आगे आएगी।

यह बात सही है एआई के आने के बाद नौकरियां जाएगी लेकिन जो इस क्षेत्र में दक्ष होगा उसकी खूब प्रगति होगी।प्रारम्भ में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने श्री माकोड़े का परिचय दिया। अतिथि स्वागत रचना जौहरी, सोनाली यादव, गोविन्द लाहोटी 'कुमार' एवं संजय मेहता ने किया। अंत में अभिषेक सिसोदिया ने आभार व्यक्त किया।

### डंके की चोट पर माहुल कर रहा सरकारी स्कूल के पास अवैध खनन

# जानकारी के देने के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रहे जिम्मेदार

**इंदौर।** । नगर पालिका क्षेत्र के मरी माता टेकरी पर माहुल सिंगार अवैध रूप से खनन कर रहा है। सरकारी स्कूल के पास किए जा रहे अवैध खनन पर शायद जिम्मेदारों ने मिलीभगत कर ली है।

तभी तो बेखौफ होकर किए जा रहे अवैध खनन को लेकर कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं करवाई जा रही है। यहां के एक सरकारी स्कूल के पास बकायदा जेसीबी मशीन लगाकर बिना अनुमति बड़ी मात्रा में मुरुम का अवैध खनन कर परिवहन किया जा रहा है। लेकिन प्रदूषण ओर खनिज विभाग का कोई भी जिम्मेदार मामले को लेकर गंभीर नहीं है।



पूरे मामले में जब पड़ताल की है तो पता चला कि मरी माता टेकरी पर माहुल सिंगार बगैर अनुमति मुरूम का अवैध खनन कर डंपरों से परिवहन किया जा रहा है। कॉलोनी, सडक़ निर्माण सहित अन्य कार्यो में मुरुम का उपयोग किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार मुरुम खनन को लेकर विभाग से कोई लिखित अनुमति नहीं ली गई है न ही उन्हें खनन के मामले की कोई जानकारी है। बिगड़ रही शहर की सूरत ग्रामीणों के अनुसार सरकारी स्कूल के पास मुरुम के अवैध खनन से प्रकृति का स्वरूप बिगड़ रहा है।

रोड़ किनारे गहरे गढ्डे बन रहे हैं। बारिश होने पर इनमें पानी भर जाएगा और फिर अप्रिय घटना होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों के अनुसार उनके मवेशी भी तालाब में पानी पीने व नहाने आदि जाया करते हैं।

ऐसे में यदि किसी मवेशी की गहरे गड्ढे में डूबने से मौत होती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रदूषण विभाग और खनिज विभाग की होगी।

इनका कहना है।आपके माध्यम से जानकारी मिली है, अगर कोई अवैध खनन कर रहा है तो कार्यवाही करेंगे।

**प्रमोद गुर्जर, एसडीएम पीथमपुर**

## इंदौर के युवक की लाश बजरिया इलाके में ब्रिज पर मिली

**इंदौर ।** बजरिया पुलिस ने स्टेशन के पास बने ओवर ब्रिज से एक युवक की लाश बरामद की है। पुलिस ने उसे बेसुध हालत में इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया था, जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक इंदौर से भोपाल कब और क्यो आया था इसकी पुलिस जॉच कर रही है। पुलिस के अनुसार एक युवक को ओवर ब्रिज के फुटपाथ पर बेसूध हालत में पड़े होने की सूचना मिलने पर उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया था, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। तलाशी के दौरान उसके पास मिले मोबाइल के जरिए उसकी पहचान इंदौर जिले का रहने वाले भूपेन्द्र पटेल पिता स्व. विक्रम सिंह ( 40 ) के रुप में हुई। मृतक खेती-किसानी करता था, और बुधवार दोपहर को परिवार वालो से किसी काम को थोड़ी देर में निपटाकर वापस आने का कहकर घर से निकल गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा, वहीं मृतक इंदौर से भोपाल कब और क्यो आया इस संबध में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। बताया गया है की मृतक को नशे की आदत थी, और घटना के समय भी वह नशे की हालत में था। उसने एक पतली शर्ट पहन रखी थी, अनुमान है कि रात में ठंड लगने के कारण उसकी मौत हुई है। हालांकि पुलिस का कहना है, कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण सामने आ सके

## धीरेंद्र शास्त्री के हिंदू एकता में शामिल हुए दिग्विजय सिंह के बेटे, हिंदुओं में एकता जरूरी

**इंदौर।** मशहूर कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री इन दिनों हिंदू एकता पदयात्रा निकाल रहे हैं। इस यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हो रहे हैं। इस बीच कांग्रेस विधायक और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह भी यात्रा में शामिल हुए हैं। यात्रा में पहुंचकर कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा, हिंदुओं में एकता जरूरी है और यह सनातन धर्म की यात्रा है। हम बागेश्वर धाम का बहुत आदर करते हैं। वे सनातन धर्म के लिए ये यात्रा कर रहे हैं। ये यात्रा किसी दल की नहीं है बल्कि सनातन धर्म के लिए है। हिंदुओं में एकता होनी चाहिए। बता दें कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री 21 नवंबर से हिंदू एकता पदयात्रा निकाल रहे हैं, जो 29 नवंबर तक चलेगी। यह धार्मिक यात्रा छतरपुर के करीब बागेश्वर धाम से शुरू होकर ओरछा तक जाएगी। इन 9 दिनों में बागेश्वर धाम से ओरछा तक 160 किमी की दूरी तय करने वाले है। धीरेंद्र शास्त्री का कहना है कि हिंदुओं को एकजुट करने और सनातन धर्म का प्रचार करने के लिए वे ये पदयात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा में बाबा बागेश्वर के साथ हजारों भक्त भी चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि यात्रा में धीरेंद्र शास्त्री हजारों भक्तों के साथ रोजाना 20 किमी पैदल चलने वाले है। जयवर्धन के यात्रा में शामिल होने पर धीरेंद्र शास्त्री का भी बयान आया है। उन्होंने कहा,जयवर्धन सनातन धर्म पर बहुत समर्पित भाव रखते हैं। उनके घर में राघवजी बैठे हैं। उनके घर के चारों कोनो में ठाकुरजी, बालाजी बैठे हैं। जिन्हें हमारा मकसद पता है, उन्हें पता है कि हम इस देश में एकता चाहते हैं। हम किसी पार्टी के वोटबैंक के लिए काम नहीं कर रहे हैं। हम सिर्फ हिन्दुओं को एक करने के लिए निकले हैं।

## आशा कार्यकर्ताओं को मिलेगा 5 रूपये प्रति कार्ड का भुगतान

**इंदौर** जिले में 70 एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य निरंतर जारी है। वरिष्ठ जनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को गति देने के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा गया है। आशा कार्यकर्ताओं को 5 रूपये प्रति कार्ड के मान से भुगतान दिया जाएगा।

### अमेरिकी बाजार में लॉन्च किए गए 600 मिलियन डॉलर के बांड एक दिन पूर्व रद्द

# भारत के निवेशकों के 2 लाख 26 हजार 531 करोड रुपए डूबे

**इंदौर ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि अदानी अमेरिकी कंपनी एजयोर पावर के साथ मिलकर भारत में सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट बनाने की योजना बनाई थी। इस प्रोजेक्ट के नाम पर अमरीकन नागरिकों से लोगों से 25000 करोड़ रूपया जुटाए गए। भारत में सोलर एनर्जी का ठेका पाने के में दिक्कत आने लगी क्योंकि बिजली महंगी थी और कोई भी राज्य उस कीमत पर बिजली खरीदने के लिए तैयार नहीं था।

अमेरिकी जनता से इस प्रोजेक्ट के लिए एकत्रित किए गए 25000 करोड़ में से 2236 करोड रुपए की भारत की विभिन्न सरकारों में घूस देने के प्रमाण अमेरिकी ग्रांडज्यूरी ने सही पाए हैं। जिसके आधार पर अडानी की कंपनी ने यहां पर पावर परचेज आर्डर बटोरे। जीतू पटवारी ने कहा कि अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई और मार्केट रेगुलेटर एसईसी (स्श्वष्ट)ने जांच की तो भारत में घूसखोरी और अमेरिकी निवेशकों से धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ और 2 साल की जांच के बाद अमेरिका की ग्रांड ज्यूरी ने अदानी को आरोपी पाया।

उनके भतीजे सागर अदानी सहित उनके सहयोगियों के खिलाफ वारंट जारी किया है, 2 साल से चल रही है एफबीआई की जांच में यह भी सिद्ध हुआ है कि अडानी ने भारत के मार्केट रेगुलेटर सेबी से भी झूठ बोला। इस प्रकरण के संबंध में गुमराह किया।

जीतू पटवारी ने कहा कि दुनिया जानती है कि अमेरिका में रिश्वत कांड में अदानी के खिलाफ जांच भी हो गई और गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो गया, किंतु भारत में इतनी बड़ी खबर आ जाने के बाद भी ना तो इस कंपनी के खिलाफ कोई जांच शुरू हुई न सेबी ने पूछताछ की। न ही अदानी की कंपनियों के पावर परचेज ऑर्डर रद्द किए गए, जबकि भारत में भी रिश्वत मांगना एक अपराध है। रिश्वत देना एक अपराध है। क्या भारत की सरकार इस मुकदमे और जांच के आधार पर अमेरिकी सरकार से जांच के तथ्य मंगाकर भारत में भी रिश्वत और भ्रष्टाचार का मुकदमा अडानी की कंपनी पर दर्ज करेगी? जीतू पटवारी ने कहा कि अदानी की कंपनी सदा से ही गुमराह करके भारतीय जनता पार्टी की सरकारों को लाभ पहुंचाने का काम करती रही है।

## कैथोलिक समाज का ख्रिस्त पर्व 24 को : शाम को निकलेगा जुलूस



**महू** ( इंदौर समाचार) फादर थॉमस राजमानिकम ने बताया कि कैथोलिक समाज द्वारा खिस्ता पर्व 24 नवंबर को मनाया जाएगा इस अवसर पर समाज जनों द्वारा एक जुलूस निकाला जाएगा जो कि राजेश्वर विद्यालय सेक्रेट हार्ट चर्च से प्रारंभ होकर एम ई एस मार्ग से ईसाई कब्रिस्तान होते हुए प्रशांति हॉस्पिटल से ऑर्फियम चौराहा होते हुए सेंट मैरी स्कूल पहुंच कर समाप्त होगा द्य खिस्ता पर्व के दौरान सीक्रेट हार्ट चर्च में पूजा बलिदान संस्कार होगा इसके पश्चात 5:45 बजे जुलूस प्रारंभ होगा जिसमें समाज जन विश्व शांति की प्रार्थना करते हुए चलेंगे द्य यह जुलूस सेंट मेरिज पर पहुंच कर समाप्त होगा जहां पर बाइबल के उपदेशों के साथ ही आशीष वचन पादरियों द्वारा दिया जाएगा



## महाराष्ट्र मे भाजपा की प्रचंड जीत का रतलाम मे जश्न मना

रतलाम। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत से पूरे देश मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्याप्त है। शनिवार शाम विधानसभा चुनाव के परिणाम फाइनल होते ही कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। जिला भाजपा कार्यालय से जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे कार्यकर्ता नारे बाजी करते हुए निकले और पहले कार्यालय के बाहर एवं बाद मे डालू मोदी बाजार चौराहा पर आतिशबाजी की। एक दूसरे का मुह मीठा कराकर सबने जीत की बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व मे विकसित भारत का जो संकल्प भाजपा ने लिया है, उसे पूरा करने मे महाराष्ट्र की जनता भी सबके साथ है। विधानसभा चुनाव मे मिला प्रचंड बहुमत इसका प्रमाण है। इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया,विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष बलवंत भाटी, जिला मंत्री शेलेन्द्र सिंह सिसोदिया, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, सहकार्यालय मंत्री राकेश नागर, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, सहप्रभारी नीलेश बाफना, भंडार प्रमुख दशरथ पाटीदार, आई.टी. प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल, प्रदेश महिला मोर्चा सद. अनिता कटारिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, कृष्ण कुमार सोनी, मयूर पुरोहित, विनोद यादव, महामंत्री नंदकिशोर पंवार, धर्मेन्द्र सिंह देवडा, आईटीसेल जिला सयोजक नीलेश राव, सोशल मीडिया करन वशिष्ठ, श्रीकांत डोसी ,पवन सोमानी, गौरव त्रिपाठी, प्रभु चौहान, गौरव मूणत, प्रहलाद राठौर, रजनीश गोयल, राजेश माहेश्वरी, राहुल निन्धाने, रामु डाबी, भुपेन्द्र कावडिया, विपिन पोरवाल, प्रवीण सोनी, गोपाल शर्मा, मधु शिरोडकर, मंगल लोढा, नितिन लोढा, महेश अग्रवाल, विवेक शर्मा, विजयसिंह चौहान, सुशील सिलावट, भरत सोलंकी, सत्यजीत शक्तावत आदि उपस्थित रहे।

## कुष्ठ रोगी खोज अभियान के अंतर्गत घर-घर दस्तक देंगे स्वास्थ्य कार्यकर्ता : सीएमएचओ डॉक्टर आनंद चंदेलकर



रतलाम। जिले में कुष्ठ रोगी जांच खोज अभियान का आयोजन 2 दिसंबर से 18 दिसंबर तक किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशिक्षण केंद्र बिरियाखेड़ी पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ वर्षा कुरील ने बताया कि दिनांक 2 दिसंबर से आयोजित होने वाले कुष्ठ रोगी खोज अभियान के लिए प्रदेश के 21 जिलों में से संवेदनशील होने के आधार पर रतलाम जिला भी चयनित किया गया है। अभियान के आयोजन के दौरान एक आशा कार्यकर्ता और एक पुरुष स्वयंसेवी द्वारा घर घर जाकर दस्तक दी जाएगी और लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाकर नए रोगी खोजे जाएंगे। नए संभावित रोगी मिलने पर उनका तत्काल उपचार प्रारंभ किया जाएगा। डॉ वर्षा कुरील ने बताया कि विभाग का प्रयास मरीजों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र उपचार किया जाना है , ताकि किसी भी प्रकार की विकृति ना आ सके। चमड़ी के रंग से हल्का दाग या धब्बा जिसमें सुन्नपन हो अर्थात ठंडा या गर्म मालूम नहीं होता हो, तंत्रिकाओं में सूजन, गांठे, चेहरे पर तेलिया तामिया चमक आदि कुष्ठ रोग के लक्षण हैं । चमड़ी पर इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर इसकी जांच तत्काल नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर करनी चाहिए कुष्ठ रोग पूरी तरह साध्य है, समय पर इसकी पहचान होने पर इसका निशुल्क उपचार हो जाता है, और यह पूरी तरह ठीक हो जाता है। इसका उपचार सभी सरकारी स्वास्थ्य केदो पर निशुल्क उपलब्ध है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शरद शुक्ला, दीपक उपाध्याय, सुश्री प्रियंका हेराल्ड, आजाद पाटीदार, सूरज डोडियार, महेंद्र सेन, विपिन शर्मा, निलेश चौहान, आशीष चौरसिया, आशीष कुमावत एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बी ई ई, बीसीएम, बी पी एम, आरबीएस के चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी को ज्ञापन



रतलाम। भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा ने अंबेडकर सर्किल 12 बजे से बाइक रैली निकाल कर मोतीलाल चौधरी जीआरपी थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचन भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के प्रदेश संयोजक दिनेश माल ने किया। जिसमें छात्र, छात्राएं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें आदिवासी परिवार के ध्यानवीर डामोर, बीपीवीएम प्रदेश प्रवक्ता निलेश मुनिया, एचवायजीएस प्रदेश अध्यक्ष महेश डोडियार, बीपीवीएम जिला संयोजक अनिल मईडा, मीडिया प्रभारी ईश्वर भाभर, सह संयोजक अनीता खराड़ी, सुनीता गरवाल, बीपीवीएम सह सचिव गोपाल निनामा, संजय पटेल, शंकर, निनामा, बीपीवीएम जिला सह संयोजक मिथुन सिंगाड़, बीपीवीएम ग्रामीण मीडिया प्रभारी पवन खराड़ी, विकास भाभर, जवान सिंह डामोर, रोहित, अजय, हरदीप, मनीष, गोलू डामोर, लखन आदि बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और छात्र छात्र उपस्थित है।

### सिविल सर्जन ने डॉ. दिवेकर और डॉ. चौहान पर हमला करने का लगाया आरोपी, इधर डॉक्टरों ने आरोप गलत बताए

# जिला अस्पताल में सिविल सर्जन पर हमला, तीन पर प्रकरण दर्ज

**रतलाम। एक बार फिर जिला अस्पताल अखाड़ा बन गया। यहां तीन युवकों ने मिलकर सिविल सर्जन के साथ मारपीट की। तस्कर को लाभ दिलाने को लेकर उपजे विवाद के बाद सिविल सर्जन ने अस्पताल के ही दो डॉक्टरों पर हमला करवाने का आरोप लगाया है। वहीं दोनों डॉक्टरों ने आरोप निराधार बताए। इस विवाद के बाद के 80 फीट रोड स्थित जीवांश अस्पताल को सील कर दिया गया। जिला अस्पताल में शुक्रवार रात सिविल सर्जन डॉ. एमएस सागर पर तीन हमलावरों ने हमला कर दिया। इस हमले के बाद सभी डॉक्टर एकत्रित होगए और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से चर्चा की। सूचना पर एसपी अमित कुमार भी वहां पहुंच गए थे। चर्चा के बाद एसपी कुमार ने स्टेशन रोड थाना प्रभारी राजेंद्र वर्मा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।**




### तीन पर किया प्रकरण दर्ज

सिविल सर्जन डॉ सागर की रिपोर्ट पर स्टेशन रोड पुलिस ने जितेंद्र पिता फकीरचंद निवासी समता कॉलोनी, भगत सिंह पिता कन्हैया लाल निवासी होमगार्ड कॉलोनी और सुनील पिता भागीरथ मचार निवासी होमगार्ड कॉलोनी के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और मप्र चिकित्सक संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया।

### डॉ. चौहान और डॉ. दिवेकर ने हमला करवाया

सिविल सर्जन डॉ. सागर ने मीडिया को बताया कि एक तस्कर को लाभ दिलाने के लिए डॉ. रवि दिवेकर और डॉ. जीवन चौहान ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया था। इसको लेकर मुझे नोटिस मिला था नोटिस को लेकर मैंने जांच की थी जांच में डॉ. दिवेकर और डॉ. चौहान पर दोष सिद्ध हुआ था। उन्होंने थाने में की शिकायत में बताया कि चार-पांच दिन पहले डॉ. दिवेकर और डॉ. चौहान ने जांच रिपोर्ट बदलने को लेकर दबाव बनाया था। जब मैंने मना कर दिया तो उन्होंने मुझ पर हमला करवाया है। हमला करने वाला एक आरोपी डॉ. चौहान का ड्राइवर है।

### सभी आरोप गलत है

डॉ. दिवेकर ने बताया वे 15 नवंबर से छुट्टी पर चल रहे हैं। रही तस्कर वाली बात को वह काफी पुराना मामला है। सिविल सर्जन जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह गलत है। डॉ. चौहान ने बताया कि सिविल सर्जन जो आरोप लगा रहे हैं वे झूठे है। जिसने हमला किया है वह मेरा ड्राइवर नहीं है। तस्कर वाले मामले से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

### जीवांश अस्पताल पर लगाया ताला

इधर कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देश पर स्वास्थ्य और प्रशासन की टीम शुक्रवार रात को 80 फीट रोड़ पर जीवांश अस्पताल पहुंची। जहां उन्होंने वहां के दस्तावेज चेक करने के बाद कोई भी डॉक्टर व मेडिकल संचालक नहीं मिलने पर उसे सील कर दिया। टीम में शामिल अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि कलेक्टर के पास पिछले कई दिनों से जीवांश अस्पताल को लेकर शिकायते मिल रही थी। उसकी जांच को लेकर उनके निर्देश पर जीवांश अस्पताल पहुंचे जहां अनमितिताएं मिलने पर सील कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम अनिल भाना, डॉ. बीएल तापड़िया, डॉ. एपी सिंह, डॉ. कृपालसिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी और डॉक्टर मौजूद रहे।

### युवक की मां ने भी थाने पर दिया आवेदन

इधर समता कॉलोनी निवासी जीतू चौधरी की मां गीता बाई ने थाने में आवेदन दिया कि 15 दिन पहले डॉ. सागर ने उनकी आंखों का ऑपरेशन किया था। इस एवज में उन्होंने 15 हजार रुपए की मांग की थी। 7 हजार रुपए दे चुके थे। आंखों में तकलीफ होने पर बेटे के साथ उन्हें दिखाने के लिए गए थे जहां डॉ. सागर ने पर्चा दिखाने लगे तो उन्होंने कहा बाद में देखेंगे पहले बाकि के रुपए दीजिए। इस पर उन्होंने धक्का दे दिया और उनके साथ मौजूद अन्य डॉक्टरों ने मारपीट कर दी, जिससे मेरे बेटे के पैर में गंभीर चोट आई।

### अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी

## 56 ग्राम एमडी के साथ 4 युवक और 1 युवती गिरफ्तार



**रतलाम। एसपी अमित कुमार के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उसी अभियान के तहत जावरा शहर पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ 4 युवक और 1 युवती को पकड़ा। पुलिस ने उनके कब्जे से 56 प्रकार की एमडी ड्रग्स जब्त की।**

जावरा शहर पुलिस ने बहादुरपुर रोड ए.के.अंसारी फर्नीचर के सामने से आरोपी इमरान उर्फ लईय्या पिता गुड्डु उर्फ इकबाल खान उम्र 29 साल निवासी हाथीखाना जावरा, जाहिद पिता शहजाद शाह उम्र 43 साल निवासी मिनीपुरा जावरा, ताहीरा शेख पति शराफत शेख उम्र 27 साल निवासी रिगनोद हामु चन्दन नगर इन्दौर को पकड़ा। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी 56 ग्राम जब्त की, जिसकी किमती 5 लाख 60 हजार रूपये तथा नगदी 1 लाख 1 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी से एमडी के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ कर आरोपी अक्षय मीणा पिता हीरालाल मीणा 34 साल निवासी ग्राम विरावली थाना अरनोद जिला प्रतापगढ, समीर उर्फ अमन पिता गुड्डु उर्फ इकबाल खान उम्र 22 साल निवासी हाथीखाना जावरा की प्रकरण मे संलिप्तता पाई जाने पर संलिप्त आरोपियों अक्षय व समीर उर्फ अमन को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पीआर ले कर आरोपियों से एमडी के अन्य स्त्रोत संबंध में पूछताछ जारी है।

### एसपी के निर्देश पर की कार्यवाही

जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध चल रहे अभियान के तहत एसपी अमित कुमार के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। इसी तारत्मय में एएसपी राकेश खाखा व सीएसपी जावरा दुर्गेश आर्मो, थाना प्रभारी जावरा शहर निरीक्षक जितेन्द्रसिंह जादौन के मार्गदर्शन में सउनि.नन्दकिशोर बैरागी जोशी ने अपनी टीम के साथ मुखबीर सुचना पर एनडीपीएस एक्ट के समस्त प्रावधानों का पालन करते व प्रभावी कार्यवाही की।

### इनकी रही सराहनीय भुमिका

इस कार्यवाही में उनि प्रतापसिह भदोरिया, सउनि नन्दकिशोर बैरागी, कार्य.प्र.आर जाकिर खान, कार्य प्रआर मृदंग सातपुते, कार्य प्रआर अजय दुबे, आरक्षक दिपेन्द्र सिह, राधेश्याम चौहान, यशवन्त जाट , नारायण सिह, राजेश पंवार, रामप्रसाद मीणा, अंतिम चौहान, राजेश पंवार, सुरेन्द्र पाल, विवेक शर्मा, जीवन विश्वकर्मा, अभय चोहान, ललित जगावत, देवेन्द्र शर्मा, रंजीतसिह, मोहित नोगिया, आकाश परिहार, महिला आरक्षक अंजना धाकड, पूजा मुजाल्दे, सायबर सेल प्रआर लक्ष्मीनारायण, हिम्मत सिंह व विपुल भावसार रतलाम की सराहनीय भूमिका रही है।



## महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत पर मंत्री चेतन्य काश्यप के जनसंपर्क कार्यालय पर मना जश्न

रतलाम। महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप के जनसंपर्क कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। महाराष्ट्र में प्रचंड जीत को लेकर हर किसी के चेहरे पर अलग ही खुशी छलक रही थी। इस मौके पर विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला सह कार्यालय मंत्री राकेश नागर, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, मयूर पुरोहित, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी, प्रहलाद राठौड़, रजनीश गोयल, नितिन लोढ़ा, मधु शिरोडकर, विवेक शर्मा, विपिन पोरवाल, राजेश माहेश्वरी, भूपेंद्र कावडिया, जयेश वसावा, सोनू चौहान, संजय पांडे आदि मौजूद रहे।

## जिले में उर्वरक वितरण की सुचारू व्यवस्था जिले को उर्वरक के लगातार मिल रहे हैं रैक

**रतलाम। जिले में किसानों को विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता सुचारू रूप से सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देशन में अधिकाधिक मात्रा में सहकारी समितियों के माध्यम से मैदानी स्तर पर किसानों को खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए निजी विक्रेताओं की सघन रूप से जांच की जा रही है।**

उपसंचालक कृषि श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि जिले को शासन से लगातार खाद के रैक प्राप्त हो रहे हैं, जिससे पर्याप्त मात्रा में जिले को खाद उपलब्ध हो रहा है। खाद संबंधी कोई समस्या नहीं है। उपसंचालक में बताया कि शुक्रवार को ट्रिपल सुपर फास्फेट का 1000 मेट्रिक टन का एक रैक प्राप्त हुआ है क्रिभको से प्राप्त 972 मेट्रिक टन का रैक 12, 32, 16 खाद शनिवार को वितरित होगा। रविवार को इफको से 900 मेट्रिक टन डीएपी का रैक मिलने वाला है।

## उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थी, संभाग के बाद अब राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में लहराएंगे परचम

**रतलाम। उज्जैन में आयोजित संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय रतलाम के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का गौरव भी प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।**



लोक नृत्य में याशी एवं समूह, हिंदी निबंध में शिवानी खरवड़, संस्कृत निबंध में इशिका धाकड़, उर्दू निबंध में आमिर खान, योग में खुशी व्यास, तथा चित्रकला (दिव्यांग) में लीला यादव ने अपने-अपने क्षेत्र में विजय प्राप्त की। इन विद्यार्थियों का चयन अब राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता के लिए भोपाल में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु हुआ है। विद्यालय की इस गौरवमयी उपलब्धि पर प्राचार्य सुभाष कुमावत ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को राज्य स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं। कोरियोग्राफर श्रीमती ऐश्वर्या दुबे एवं सहयोगी श्रीमती अर्चना टाक, श्रीमती रीना कोठारी, श्रीमती अंकिता पाल की मेहनत और समर्पण के परिणाम स्वरूप उत्कृष्ट विद्यालय को राज्य स्तर तक पहुंचने की उपलब्धि मिली है। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य कुमावत के नेतृत्व में विद्यालय ने पूर्व में भी राज्य स्तरीय कला उत्सव में भाग लिया है और कई बार अपनी श्रेष्ठता साबित की है। विद्यालय परिवार ने भी इस उपलब्धि को लेकर खुशी का इज़हार किया। वरिष्ठ शिक्षक श्री रमेश चंद्र पांचाल, श्रीमती माया मौर्य, ललित मेहता, शरद शर्मा, श्रीमती प्रेमलता व्यास, अनिल शर्मा और विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी विद्यार्थी तथा शिक्षक इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

## खाद्य और औषधि विभाग कि संयुक्त कार्रवाई: दुकानों का निरीक्षण कर अवैध रूप से बिक रहा एसिड जब्त किया

रतलाम। रतलाम में कई दुकानों पर बिना लाइसेंस के एसिड, टॉयलेट क्लीनर अवैध तरीके से बिक रहे है। शुक्रवार रात को प्रशासन ने दुकानों पर पहुंच कार्रवाई की। इस दौरान एक दुकान से करीब 25 से अधिक अमानक एसिड और टॉयलेट क्लीनर की बोतल जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन और खाद्य एवं औषधि विभाग ने संयुक्त रूप से शुक्रवार रात को शहर में कार्रवाई की। टीम ने माणक चौक क्षेत्र के भुट्टा बाजार में बैरागी ब्रदर्स शॉप का निरीक्षण किया। दुकान पर बिना लाइसेंस के असुरक्षित तरीके से एसिड, टॉयलेट क्लीनर



बेचे जाना पाया गया। अधिकारियों के मुताबिक एसिड और टॉयलेट क्लीनर अमानक स्तर के थे, जो कि गलत तरीके से बेचे जा रहे है। इस दौरान करीब 25 से अधिक बोतल जब्त की गई है। खाद्य और औषधि विभाग ने इनके सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार आशीष उपाध्याय, औषधि निरीक्षक अजय ठाकुर, बलराम चौधरी, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी, पटवारी सत्यनारायण सिसोदिया शामिल रहे। नायब तहसीलदार ने बताया कि शहर में लगातार अमानक स्तर के एसिड और टॉयलेट क्लीनर बिना लाइसेंस के बेचे जा रहे है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई लगातार की जाएगी।

**पश्चिम रेलवे, रतलाम डिवीजन**

**ई–टेंडरिंग इंजीनियरिंग विभाग संख्या–W/623/5/1/NIT दिनांक 21.11.2024**

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई–निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है– ई–टेंडरिंग: **RTM-2024-25-118,** कार्य का नाम: GDA-NAD section:- Carryout various P.way maintenance activity in connection with outsourcing under jurisdiction of ADEN/East/RTM for a period of Two year., अनुमानित मात्रा: As per tender schedule, अनुमानित लागत: Rs. 12,61,80,882.71, बयाना राशि: Rs. 7,80,900.00, कार्य समापन अवधि: 24 Months, **Similar type of work:** Any Track Work, वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 19.11.2024, निविदा खुलने की तिथि: 12.12.2024, ई–टेंडरिंग: **RTM-2024-25-119,** कार्य का नाम: GDA-NAD section:- Carryout various P.way maintenance activity in connection with outsourcing under jurisdiction of ADEN/South/DHD for a period of Two year., अनुमानित मात्रा: As per tender schedule, अनुमानित लागत: Rs. 6,40,69,069.71, बयाना राशि: Rs. 4,70,400.00, कार्य समापन अवधि: 24 Months, **Similar type of work:** Any Track Work, वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 19.11.2024, निविदा खुलने की तिथि: 12.12.2024। विस्तृत निविदा अहाता शर्तें एंव अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**V/310** मण्डल रेल प्रबंधक(कार्यलेखा), रतलाम मण्डल, पश्चिम रेलवे

Like us on: facebook.com/WesternRly

# जेआयटी बोरावां में राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स स्पर्धाओं का आयोजन

## खेल भावना को विद्यार्थी करें अपने जीवन में आत्मसात – सचिन यादव

कसरावद। जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में शुक्रवार 22 नवम्बर को अंतर संभागीय राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स स्पर्धा 2024 का शुभारंभ मप्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद के विधायक सचिन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।





इस अवसर मराल ओवरसीज लिमिटेड निमरानी के प्रेसीडेंट तरूण बलदुआ, वाईस प्रेसीडेंट एवं एच.आर. मराल ओवरसीज लि. मनोज ठक्कर, डॉ. सुजीत पिल्लई, प्राचार्य जीआरव्हाय इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी बोरावां सहित संस्था प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय, डीन डॉ. सुनील सुगंधी, प्रो. कपिल शाह, केप्टन डॉ. मनीष जायसवाल, श्री धीरज वर्मा, डॉ. सुखदेव भंभोरिया, एवं इन्दौर, उज्जैन, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, रीवा, एवं सागर नोडल के कोच मेनेजर एवं नोडल स्पर्धा के चयनित 145 खिलाड़ी उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं के अंतर्गत महिला एवं पुरूष वर्ग की 100 मी., 200 मी, 400 मी,, 800 मी, 1500 मी, 5000 मी, 10000 मी, 4'100 एवं 4'400 रिले रेस, 4'100 एवं 4'400 बाधा दौड़ सहित उंची कूद, लम्बी, कूद, त्रिकूद, भाला फेक , गोला फेक, चक्का फेक एवं हेमर थ्रो प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

अंतर संभागीय राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स स्पर्धा 2024 का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों द्वारा पारंपरिक पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने मप्र के सभी नोडल से पधारे खिलाडियों को कहा कि मैं सभी का जेआयटी बोरावां मे स्वागत करता हूँ। राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के मुख्य प्रबंधक एवं प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय, सह प्रबंधक डॉ. सुनील सुगंधी, संयोजक प्रो. कपिल शाह जेआयटी बोरावां के खेल अधिकारी श्री स्वप्निल वराडे इन्दौर नोडल वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन डॉ. मनीष जायसवाल, धीरज वर्मा, डॉ. सुखदेव भम्बोरिया, भोपाल नोडल से भवानी शंकर, ग्वालियर नोडल से सतीश शर्मा, सागर नोडल से उजीन जॉन, कोच मैनेजर भी उपस्थित थे। राज्यस्तरीय एथेलेटिक्स स्पर्धाओं के आयोजन में वरिष्ठ ऑफिशियल प्रदीप बडोले, जितेन्द्र भावसार, भास्कर पाटील, ललित सिंह सिसोदिया राजेन्द्र मण्डलोई मुश्ताक पठान् राबर्ट डेयिनल डाबर, महेन्द्र यादव, इमरान खान एवं साबिर शेख द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को दिये मैडल एवं शील्ड

एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 100 मीटर रेस पुरूष वर्ग में सुमित पटेल जबलपुर प्रथम, अनुराग मिश्रा उज्जैन द्वितीय, 100 मीटर महिला वर्ग सुहाना सोलंकी इंदौर प्रथम, आरची सिंह जबलपुर द्वितीय, 200 मीटर रेस में पुरूष वर्ग सुमित पटेल जबलपुर प्रथम, प्रतीक सिंह इंदौर द्वितीय, 400 मीटर रेस पुरूष वर्ग आरूष जोसेफ जबलपुर प्रथम, केशव शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर रेस महिला वर्ग में आयुषी यादव भोपाल प्रथम, अनुष्ठा सिंह कुशवाह इंदौर द्वितीय, 800 मीटर रेस पुरूष वर्ग संदीप चौहान इंदौर ने प्रथम विशाल शर्मा भोपाल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर रेस महिला वर्ग नंदनी गोलकर इंदौर प्रथम, आर्या मेहरा जबलपुर द्वितीय, 1500 मीटर रेस पुरूष वर्ग संदीप चौहान इंदौर प्रथम, आयुष गुर्जर जबलपुर द्वितीय, 1500 मीटर रेस महिला वर्ग आयुषी यादव भोपाल प्रथम, पुर्वा साहु जबलपुर द्वितीय, 5000 मीटर रेस पुरूष वर्ग राजेश कुशवाह रीवा प्रथम, हेमंत यादव जबलपुर द्वितीय, 5000 मीटर रेस महिला वर्ग जिया कुशवाह जबलपुर प्रथम, निकिता कुशवाह इंदौर द्वितीय, 10000 मीटर रेस पुरूष वर्ग सलमान खान भोपाल प्रथम, नितेश सोंदिया रीवा द्वितीय, 10000 मीटर रेस महिला वर्ग जिया कुशवाह जबलपुर प्रथम, भाग्यश्री कुमरावत इंदौर द्वितीय एवं 4'100 पुरूष एवं महिला वर्ग जबलपुर प्रथम 4'400 रिले रेस महिला वर्ग में इंदौर प्रथम 4'400 बाधा दौड़ महिला वर्ग इंदौर प्रथम 4'400 बाधा दौंड पुरूष वर्ग में जबलपुर प्रथम लॉन्ग जंप पुरूष वर्ग अभिषेक पाण्डे जबलपुर प्रथम अनुराग मिश्रा उज्जैन द्वितीय लॉन्ग जंप महिला वर्ग सुहाना सोलंकी इंदौर प्रथम रजनी रजक सागर द्वितीय हाई जंप पुरूष वर्ग हर्षवर्धन सिंग उज्जैन प्रथम शिवा राय सागर द्वितीय हाई जंप महिला वर्ग रिशिका ठाकुर सागर प्रथम आर्या मिश्रा जबलपुर द्वितीय हेमर थ्रो पुरूष वर्ग मोहम्मद आरिफ मंसुरी जबलपुर प्रथम शिवेन्द्र प्रकाश भोपाल द्वितीय हेमर थ्रो महिला वर्ग रितिका खेती भोपाल प्रथम साक्षी पटेल इंदौर द्वितीय जेवलिन थ्रो पुरूष वर्ग मोहम्मद आरिफ मंसुरी जबलपुर प्रथम विकास सिंग सागर द्वितीय जेवलिन थ्रो महिला वर्ग नंदनी गोलकर इंदौर प्रथम रामबाई गौतम भोपाल द्वितीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार स्वरूप मैडल एवं शील्ड प्रदान किये गये।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव एवं विधायक सचिन यादव ने दी शुभकामनाएँ

पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री अरूण यादव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व कसरावद विधायक सचिन यादव ने सभी विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर की एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

महेश्वर। (इंदौर समाचार)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस सिस्टम के अधिवक्ताओं द्वारा नालसा की मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक साक्षरता योजना के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर के मुख्य वक्ता डिप्टी चीफ रूपेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने की अपील करते हुए कहा की किसी पागल या मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार करना कानून अपराध की श्रेणी में आता है ऐसे व्यक्तियों को विधिक सेवा द्वारा निशुल्क उपचार कराया जाता है। एसिड अटैक के मामले में मुख्य रूप से एसिड अटैक करने वाले की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होती है आम तौर पर एक तरफा प्यार में भी ऐसी वारदात होती है पारिवारिक विवाद में भी एसिड अटैक हो सकता है।

न्याय रक्षक निशा कौशल ने पोक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए बालिकाओं को समझाया कि किसी भी सोशल मीडिया साइड पर अंजान व्यक्ति से दोस्ती नही करें ऐसा करने से लड़कियां फ्राड का शिकार हो सकती है उनके साथ दुष्कर्म भी हो सकता है।

वाट्स एप फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर फर्जी आई डी बनाकर लडकियो को प्रेम जाल में फसाने का दुष्चक्र चल रहा है लडकियां सोच समझ कर ही फ्रेंड शिप करे किसी भी व्यक्ति को अपना फोटो सेंड नही करे। अगर कोई आपका पीछा करता है या कोई बुरी नियत रखता है तो उसकी जानकारी परिजनों या शिक्षको को जरूर दें। अधिकार मित्र दुर्गेश राजदीप ने विधिक सेवा की जानकारी देते हुए विधिक सेवा के संगठन और सेवाओं को विस्तार से बताया। अधिकार मित्र जोजू मुरियादान ने मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी देते हुए बालिकाओं से बिना लाइसेंस वाहन नही चलाने की जानकारी दी। संस्था प्राचार्य ताहिर अली ने स्वागत भाषण में विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी कार्यक्रम का संचालन इशरार शेख ने किया आभार व्याख्याता संध्या चौहान ने माना। इस अवसर पर शिक्षक लोकेन्द्र सिंह पटेल, देवकुमार रेशवाल, दीपशिखा शर्मा, प्रियंका बुंदेला, कमला भालेकर,मंजूषा कुलश्रेष्ठ एवं वर्षा गौड़ सहित छात्राएं उपस्थित थी।

# शिवम की हुई मौत शुभम का टूटा पैर

कसरावद इंदौर समाचार सेवकराम चौबे। कसरावद मंडलेश्वर रोड कसराड पुल के पास हुआ भीषण सड़क हादसा लोडिंग वाहन स्क्का0ष्ठ3704 पिकअप ने बाइक चालक शिवम पिता पदम चौहान उम्र 25 वर्ष शुभम पिता किशोर चौहान उम्र 23 वर्ष रहने वाले ग्राम कठोरा के हैं। कसरावद से अपने घर ग्राम कठोरा जा रहे थे।



**कसराड पुल के पास हुआ भीषण सड़क हादसा जिसमें पिकअप लोडिंग वाहन ने मारी पीछे से बाइक सवार को जोरदार टक्कर**

पीछे रोड पर लापरवाही पूर्वक पिकअप वाहन अपनी तेज गति से आ रहा था। जो बाइक चालक को इतनी जोरदार टक्कर मारी की बाइक उसी में फस गई और 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया जिसमें दोनों बाइक चालक घायल हो गए थे। शिवम पदम चौहान गंभीर घायल अवस्था में था तत्काल मौके पर लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों को कसरावद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए लाए तथा पिकअप वाहन को भी अपने कब्जे में लिया खरगोन के लिए रेफर किया। जिला अस्पताल खरगोन उपचार के दौरान शिवम पिता पदम की मृत्यु हो गई तथा शुभम का इलाज जारी है एक्सीडेंट घटना 7-50PM की बताई जा रही है। कसरावद पुलिस द्वारा मामले को जांच में लिया गया।

## ग्राम बालसमुद में कुनबी पटेल समाज ने मनाई अपने ईष्ट देवता की श्री दशाधर भैरव जयंती



कसरावद इंदौर समाचार सेवकराम चौबे। ग्राम बालसमुद में शनिवार को कुनबी पटेल समाज के द्वारा सामूहिक रूप से अपने इष्ट देवता श्री दशाधर भैरव जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई।

**प्रमुख मार्गो से निकली भैरव बाबा की आकर्षक झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा**

कुनबी पटेल युवा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुबह बाजार चौक स्थित पटेल धर्मशाला में समाजजन एकत्रित हुए जहां स्वल्पाहार के पश्चात भैरव बाबा की आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा ढोल ढमाके के साथ शुरू हुई जो पटेल मोहल्ला,नदी मोहल्ले से भैरव मंदिर पहुंची जहां से पूजन के बाद यात्रा राम मंदिर चौक श्यामजी मोहल्ला से होते हुए पटेल धर्मशाला पहुंची जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित थे,यात्रा समापन के बाद पटेल धर्मशाला में सामूहिक रूप से भैरव बाबा का पूजन,आरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया जिसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।

# जनशिक्षा केंद्र स्तर पर कैंसर विषय पर जन जागरूकता अभियान प्रशिक्षण संपन्न हुआ

महेश्वर। जिला शिक्षा अधिकारी खरगोन के आदेश के पालन में स्टॉप कैंसर मिशन मल्टीपर्पज सोसायटी द्वारा जन शिक्षा केंद्र स्तर पर कैंसर विषय पर जन जागरूकता अभियान प्रशिक्षण का आयोजन संकुल महेश्वर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस शुक्रवार को हाई स्कूल मातमुर तथा द्वितीय दिवस शनिवार को एकीकृत शाला कन्या उ. मा. वि. में कैंसर के संबंध में जन जागरूकता अभियान प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें संकुल अंतर्गत समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी शालाओं के शिक्षकों ने भाग लिया।



प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर साक्षी संतोष वाठ द्वारा कैंसर का परिचय, कैंसर के प्रकार, कैंसर के लक्षण, कैंसर के चरण, कैंसर से बचाव के उपाय, निदान, जीवन शैली में परिवर्तन से कैंसर की रोकथाम इत्यादि के बारे में प्रोजेक्टर पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में शिक्षकों को जानकारी देते हुए बताया गया कि कैंसर एक खतरनाक बीमारी है परंतु समय रहते पता इसका लग जाए तो इससे बचाव किया जा सकता है।

व्यस्तता और भागदौड़ भरी जिंदगी में एक आम आदमी अपने शरीर संबंधी जागरूकता के प्रति असावधान और लापरवाह हो जाता है और नियमित रूप से शरीर का परीक्षण नहीं करवा पाता है और उसे जब कैंसर होने का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है जिससे कैंसर का उपचार करना मुश्किल होता जाता है।

जनशिक्षक तबरेज खैशगी द्वारा बताया गया कि हमें अपने शरीर पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा प्रतिवर्ष कैंसर की जांच करवाते रहना चाहिए।

हमें ऐसी जीवन शैली, आहार और आदतें विकसित करना होगी जिससे हम और हमारा परिवार कैंसर जैसी बीमारी से बच सके।

संकुल प्राचार्य मोहम्मद ताहिर अली द्वारा प्रशिक्षण की सराहना करते हुए समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं से प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपनी शाला में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को साझा करने हेतु आह्वान किया गया ताकि कैंसर जैसी घातक बीमारी के प्रति जन जागरूकता का प्रचार प्रसार हो सके।

प्रशिक्षण में जन शिक्षा केंद्र महेश्वर के जनशिक्षक तबरेज खैशगी, नरेंद्र राठौड़ एवं संकुल के शिक्षक गण उपस्थित रहे।



# नोरा फतेही ने लूट ली महफ़िल

नोरा फतेही ने अपने एल्बम ग्लोरी के बहुप्रतीक्षित संगीत वीडियो पायल के लिए प्रतिष्ठित रैपर यो यो हनी सिंह के साथ मिलकर काम किया है। रिलीज़ होते ही संगीत वीडियो धूम मचा रहा है, और नोरा फतेही के प्रदर्शन के लिए हमारे पास सिर्फ एक शब्द है- शानदार! संगीत वीडियो ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित किया है क्योंकि इसे दो दिनों से भी कम समय में 30 मिलियन बार देखा गया है। यह प्रमाण साबित करता है कि नोरा फतेही ने पायल में अपने शानदार प्रदर्शन से स्क्रीन पर आग लगा दी है।चटकदार लाल साड़ी से प्रेरित गाउन और चांदी के टू-पीस में वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वह यो यो हनी सिंह की सिग्नेचर बीट्स के साथ अपने सिग्नेचर डांस मूव्स पेश करती हैं और स्टाइल और ऊर्जा का एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला मिश्रण बनाती हैं, जिससे प्रशंसक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

## टिकटॉकर महक बुखारी, जिसे दोहरे हत्याकांड में मिली उम्रकैद

11 फरवरी 2022 को इंग्लैंड के लीसेस्टर शहर की पुलिस के पास देर रात एक कॉल आई, जिसमें एक शख्स चिल्ला-चिल्ला कर मदद की गुहार लगा रहा था। वो लगातार कह रहा था कि एक तेज रफ्तार कार उसकी कार का पीछा कर रही है। पुलिस मदद कर पाती, उससे पहले ही कॉल पर तेज चीखें सुनाई दीं और फिर शांति छा गई। कुछ देर बाद वो कॉल कट गई। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा एक कार सड़क किनारे जल रही थी। उस कार के साथ ही दो लाशें भी आग में जल रही थीं। जाहिर है उन जलती लाशों में से एक उसी शख्स की थी, जिसने कुछ देर पहले पुलिस को कॉल कर मदद मांगी थी। मामले की जांच लीसेस्टर पुलिस को पाकिस्तानी-ब्रिटिश टिकटॉकर महक बुखारी तक ले गई। महक टिकटॉक और सोशल मीडिया की एक उभरती स्टार थीं, लाखों में उनके फॉलोअर्स और फैंस थे।

## दिलजीत दोसांझ ने इंडियन सिनेमा पर साधा निशाना

दिलजीत दोसांझ ने एक बार फिर सरकार को ओपन चैलेंज दिया। साथ ही, उन्होंने मीडिया में अपने शराब से जुड़े गाने गाने पर उठी बातों पर भी प्रतिक्रिया दी। हाल ही में, तेलंगाना सरकार ने उनके दिल लुमिनाटी टूर के दौरान शराब से जुड़े गानों पर आपत्ति जताई थी, खासकर पटियाला पेग और पंज तारा जैसे गानों को लेकर। सरकार ने दिलजीत से अनुरोध किया था कि वह इन गानों को अपने कॉन्सर्ट से बाहर रखें। 22 नवंबर को लखनऊ में परफॉर्म करते हुए दिलजीत ने इस पर प्रतिक्रिया दी और कहा, मेरा किसी के साथ कोई मुकाबला नहीं है, कोई वर्सेस नहीं है। मैंने जबसे इंडिया टूर शुरू किया है, चाहे वो दिल्ली था, जयपुर था, हैदराबाद था, बहुत ही प्यारे लोग थे।



## जॉर्जिया ने बिखेरा जलवा

जॉर्जिया एंड्रियानी अपने ग्लैमरस अंदाज में हमेशा दिल जीतती हैं, और इस बार उन्होंने डिज़ाइनर आशना वासवानी के हाथ से पेंट किए गए शानदार लहंगे में बेमिसाल खूबसूरती दिखाई। इस लहंगे की कीमत ?65,000 है हाल ही में, जॉर्जिया ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह डिज़ाइनर आशना वासवानी द्वारा डिज़ाइन किए गए लहंगे में नजर आईं। उन्होंने एक शानदार आइवरी हैंड पेंटेड लहंगा और येलो हल्टर नेक-शेप बर्ड ब्लाउज पहना था। इस लुक का मुख्य आकर्षण येलो हल्टर नेक क्रॉप टॉप था, जिसमें जटिल फ्लोरल एंब्रॉयडरी की गई थी। मोतियों, सिक्विन और क्रिस्टल की परतों से बने पत्ते और फूलों की 3डी डिजाइन इसे चमकदार और आकर्षक बनाते हैं।



## राधिका ने साहिबा के लिए तैयारी का खुलासा किया!

राधिका मदान इन दिनों अपने गाने साहिबा की सफलता से बेहद खुश हैं। अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा में दमदार अभिनय के बाद, अब वह साहिबा में साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ नजर आ रही हैं। जसलीन रॉयल और स्टेबिन बेन द्वारा गाया गया यह गाना चार्ट्स पर धूम मचा रहा है। हाल ही में राधिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने इस गाने के लिए कितनी मेहनत की। उन्होंने लिखा, मैंने साहिबा के लिए फिल्म की तरह तैयारी की। किरदार की बॉडी लैंग्वेज और बैकस्टोरी पर काम किया। सबसे मुश्किल कथक सीखना था, क्योंकि मैंने इसे कभी पहले नहीं किया था। मेरी सफलता का श्रेय मेरे गुरु राजेंद्र चतुर्वेदी और सुदीप सर को जाता है।

## लव और कुश से हार गए हनुमान



श्रीमद रामायण में दर्शकों ने लव और कुश (शौर्य मंडोरिया और अथर्व शर्मा) को अश्वमेध घोड़े को पकड़ते हुए देखा। जब शत्रुघ्न घोड़े को बचाने आते हैं, तो दोनों भाइयों की जोड़ी उन्हें युद्ध में हरा देती है। भगवान हनुमान शत्रुघ्न की हार की खबर सुनने के बाद आश्रम जाने और भाइयों से मिलने का फैसला करते हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह सीता से मिलते हैं और उन्हें पता चलता है कि लव और कुश श्री राम के बेटे हैं। भगवान हनुमान सीता के साथ पुनर्मिलन को लेकर खुश हैं, चालाक शहस्त्रमुख रावण अश्वमेध घोड़े को चुराने की एक कुटिल योजना बनाता है। इससे बड़ी गलतफहमी पैदा होती है। इसके बाद लव और कुश और भगवान हनुमान के बीच एक भयंकर टकराव होता है!यह चौंकाने वाला मोड़ लक्ष्मण को हैरान कर देता है और शक्तिशाली भगवान हनुमान को हराने वाले शक्तिशाली लोगों की पहचान उजागर करने को बेताब हो जाते हैं।

## ईलाक्षी गुप्ता ने शेयर किया फिटनेस सीक्रेट



तान्हाजी और ज़ी टीवी के हमारा परिवार की मशहूर अभिनेत्री ईलाक्षी गुप्ता ने बताया कि बिजी शेड्यूल के बावजूद खुद को फिट रखना कैसे संभव है, कहती है, इंटरमिटेंट फास्टिंग प्लान, सेट्स पर चलना, लिफ्ट का उपयोग न करना और सही पोषण का खाना मुझे अपना वजन नियंत्रित रखने में मदद करता है।ईलाक्षी गुप्ता हर महीने लगभग 14 दिन, प्रतिदिन 8-10 घंटे शूटिंग करती हैं, और पुणे से मुंबई की यात्रा उनके फिटनेस रूटीन को और भी चुनौतीपूर्ण बना देती है। ईलाक्षी सीरियल की शूटिंग शुरू करने से पहले, हफ्ते में लगभग 5 दिन वर्कआउट करती थी और अपनी डाइट रूटीन को सख्ती से फॉलो करती थी। लेकिन जब शूटिंग शुरू हुई, तब इसे मैनेज करना चुनौतीपूर्ण हो गया, उन्होंने बताया। सेट पर रहते हुए, मैं सुबह 9 बजे तक नाश्ता कर लेती हूं और अपना आखिरी भोजन शाम 6:30 बजे तक समाप्त कर लेती हूं। मेरा फास्टिंग प्लान मुझे वर्कआउट टाइम कम होने पर भी वजन नियंत्रित रखने में मदद करता है। नाश्ते में मैं पनीर पराठा या चीला पसंद करती हूं, जो मुझे दोपहर के भोजन तक एनर्जी देता है। अगर घर पर होती हूं तो ओट्स, प्रोटीन पाउडर, ड्राई फ्रूट्स और ब्लैक कॉफी लेती हूं। चाय में दूध नहीं लेती, ब्लैक कॉफी मेरी पसंदीदा है।

## कृष्णा भारद्वाज ने बाल मुंडवाए



तेनाली रामा के किरदार में वापस कदम रखते हुए कृष्ण भारद्वाज ने एक बार फिर किरदार के लुक को प्रामाणिक बनाने के लिए अपना सिर मुंडवाकर भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। कृष्ण भारद्वाज ने कहा, मैं एक ब्राह्मण परिवार से आता हूं, और हमें अपना सिर मुंडवाने की अनुमति नहीं है, जब तक कि घर में कोई त्रासदी न हो मेरी माँ ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह अशुभ है!, लेकिन उन्होंने यह भी समझा कि मैं अपने काम के प्रति समर्पित हूँ और उन्होंने मेरे निर्णय में मेरा समर्थन किया। कृष्णा ने आगे कहा, इस बार मुझे रात में सोने में कठिनाई हो रही है क्योंकि मेरे सिर और तकिये के बीच घर्षण हो रहा है और जब से मैंने अपना सिर मुंडवाया है, तब से मुझे खुजली और अजीब लग रहा है। साथ ही मेरा लुक पूरी तरह से बदल गया है।

## शैल और उर्वशी का प्रेम गीत रब्बा करे




दुबई की धूप में रेगिस्तान के गुलाब की तरह खिलने वाला एक प्रेम गीत, रब्बा करे आखिरकार आ गया है। अविस्मरणीय हिट सोनिये हीरिये के पीछे की आवाज़, शैल ओसवाल की मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज़ से, यह बिल्कुल नया ट्रैक आपको अपने पैरों से हिला देगा। अपनी भव्यता और आकर्षण की झलकियों से प्रशंसकों को लुभाने वाला, रब्बा करे का इंतज़ार बेसब्री से किया जा रहा है - और अब यह जादू सभी के लिए अनुभव करने के लिए लाइव है।रब्बा करे प्यार में गहराई से, अप्रतिरोध्य रूप से गिरने की मोहक भावना के लिए एक नाजुक स्तुति है। शैल के भावपूर्ण स्वरों के माध्यम से, श्रोताओं को रोमांस की गर्मी में डूबने और प्यार से आने वाली भावनाओं की भीड़ का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## सोनाक्षी और जहीर ने खामोशी को तोड़ा

द ग्रेट इंडियन कपिल शो इस बार सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति ज़हीर इकबाल का स्वागत करता है। उनके साथ सोनाक्षी के माता-पिता, शत्रुघ्न और पूनम सिन्हा भी शो में मौजूद होंगे। कपिल के हल्के-फुल्के सवाल-जवाब से लेकर मजाकिया अंदाज के बीच, सोनाक्षी और ज़हीर ने उस पल के बारे में खुलासा किया जब उन्होंने उनके रिश्ते की बड़ी खबर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को बताई थी।शत्रुघ्न सिन्हा से उनके रिश्ते के बारे में बात करने के उस पल को याद करते हुए, ज़हीर इकबाल ने कपिल को बताया कि, एक-दो बार जब मैं घर गया था, उनके साथ 6-8 बॉडीगार्ड खड़े दिखते हैं, तो शादी के लिए उनसे इसका हाथ कैसे मांगूं? इसके जवाब में सोनाक्षी ने कहा, फिर उसने मुझे बोला कि मुझे लगता है अब बताने का वक्त आ गया है, बता ही दो, तो मैंने बोला, ठीक है तुम बता दो। ज़हीर ने अपनी सफाई देते हुए कहा,मैं क्यों बताऊं? मैंने अपने डैडी को बता दिया है, तुम अपने डैडी को बताओ। सोनाक्षी ने हंसते हुए कहा,बात तो सही है, तो मैं चली गई और मैंने पापा को बता दिया। और पापा खुश, हम खुश, सब लोग खुश हो गए!



## मानुषी ने आईएफएफआई की झलकियाँ साझा कीं



मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने हाल ही में गोवा में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के 55वें संस्करण में अपना पहला लाइव प्रदर्शन किया। मानुषी ने अपनी खुशी सोशल मीडिया पर साझा की क्योंकि उनके माता-पिता उन्हें मंच पर लाइव प्रदर्शन देखने के लिए उत्सव में शामिल हुए थे। अपने माता-पिता के साथ एक तस्वीर सहित कार्यक्रम के पलों को साझा करते हुए, उन्होंने लिखा, IFFI गोवा में भाग लेना और सभी फिल्मों का जश्न मनाना हमेशा खुशी की बात है। इस वर्ष मोम एंड डैड के शामिल होने और मुझे मंच पर प्रदर्शन करते हुए देखकर बहुत खुशी हुई! मुझे वापस उन दिनों में ले गया, जब वे काम में व्यस्त होने के बावजूद मेरे स्कूल के सभी प्रदर्शनों में भाग लेते थे, मैं हमेशा उनके लिए छोटी लड़की रहूंगी।

## कुब्रा को शूटिंग के दौरान हाथ में लगी चोट

कुब्रा सैत को रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ख्वाबों का झमेला में शहनाज़ के किरदार में उनकी अदाकारी ने उनके करियर में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। फिल्म को जबरदस्त सराहना मिली, और फैंस व दर्शकों ने कुब्रा के अभिनय की जमकर तारीफ की। हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि शूटिंग के दौरान उन्होंने चुनौती का सामना किया। कुब्रा ने बताया, मैं शहर लाखोट की शूटिंग के दौरान एक एक्शन सीन में हादसे का शिकार हो गई थी। मेरी पूरी बाईं बांह कोहनी से फट गई थी। इसके ठीक पांच दिन बाद मुझे ख्वाबों का झमेला की शूटिंग करनी थी। मैं बहुत दर्द में थी। शुक्र है कि उन्हें प्रोड्यूसर हरमन बवेजा और डायरेक्टर दानिश का पूरा समर्थन मिला। कुब्रा ने कहा, उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और कहा, आ जाओ, हम सब संभाल लेंगे।



# महाराष्ट्र में सीएम कौन, इस पर अलग-अलग बयान

## क्या भाजपा फिर करेगी त्याग या उद्धव की गलती शिंदे नहीं दोहराएंगे ?

### 26 नवंबर को शपथ ग्रहण, 25 को विधायक दल की बैठक

मुंबई। महाराष्ट्र में भाजपा महायुति ने विधानसभा चुनाव में बंपर जीत हासिल की है और सभी एक्जिट पोल को फेल कर दिया है। अब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस पर मंथन शुरू हो गया है। सीएम बनने को लेकर अलग-अलग बयान भी सामने आ रहे हैं।



अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा कहती है कि अजित ही सीएम बने। वहीं, एकनाथ शिंदे के बेटे डॉ.श्रीकांत शिंदे कहते हैं कि एकनाथ शिंदे सीएम बनें। वहीं भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने देवेंद्र फडणवीस को सीएम बनाने की मांग की है। इस बाबत तो कई जगहों पर बैनर पोस्टर भी लगने लगे हैं जिसमें फडणवीस को मुख्यमंत्री घोषित किया गया है। अब यहां सवाल ये उठता है कि क्या भाजपा फिर त्याग करेगी या पिछले चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे ने जो मुख्यमंत्री बनने की जिद की थी वही गलती एकनाथ शिंदे तो नहीं दोहराएंगे ? खैर ये तो आने वाले समय में ही पता चलेगा।

उधर महाराष्ट्र में भारी जीत से उत्साहित देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर कहा है कि एक हैं तो सेफ हैं, मोदी हैं तो मुमकिन है।

### गृहमंत्री शाह ने शिंदे-फडणवीस और अजित पवार को दी बधाई

महाराष्ट्र में महायुति की बंपर जीत पर चारों तरफ जश्न का माहौल है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ग्रुप कॉल कर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को जीत की बधाई दी है।

### 26 नवंबर को शपथ ग्रहण, 25 को विधायक दल की बैठक

चुनाव परिणाम से ये तय हो गया है कि महाराष्ट्र में महायुति की सुनामी आई है। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र में संविधान दिवस के दिन यानि 26 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। इससे एक दिन पहले यानी 25 नवंबर को विधायक दल की बैठक होगी।

## कैलाश गहलोत को बीजेपी ने दी बड़ी जिम्मेदारी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी से हाल ही में इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने वाले कैलाश गहलोत को दिल्ली बीजेपी बड़ी जिम्मेदार सौंपी है। दिल्ली बीजेपी ने उन्हें चुनाव संचालन समिति का सदस्य बनाया है। बीजेपी में शामिल होने के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को कहा था कि दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी को छोड़ना उनके लिए बहुत कठिन फैसला था लेकिन यह जरूरी हो गया था।

## सिक्किम उपचुनाव-दो विधानसभा सीट पर एसकेएम उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित




गोलपारा। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के उम्मीदवार आदित्य गोले और सतीश चंद्र राय क्रमश- सोरेंग-चाकुंग और नामची-सिंघीथांग विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शनिवार को निर्विरोध निर्वाचित हुए। सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के प्रोबिन हंग सुब्बा द्वारा अपना नामांकन वापस लेने के बाद सोरेंग-चाकुंग सीट के उपचुनाव में गोले एकमात्र उम्मीदवार थे। राय को भी नामची-सिंघीथांग विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध चुना गया क्योंकि एसडीएफ उम्मीदवार डेनियल राय द्वारा नाम वापस लिए जाने के बाद वह चुनाव मैदान में एकमात्र उम्मीदवार थे।

## भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा का भूपेश बघेल पर तीखा हमला



रायपुर। भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कांग्रेस के महाराष्ट्र पर्यवेक्षक के रूप में बघेल की नियुक्ति पर तंज कसते हुए कहा, जो अपनी छत्तीसगढ़ सरकार को नहीं बचा सका, उस पनौती को कांग्रेस ने महाराष्ट्र भेजा। खेड़ा ने महादेव ऐप और कोयला खनन से जुड़े आरोपों का जिक्र करते हुए सवाल किया कि क्या बघेल पैसों से भरे बैग वापस लाएंगे या वहीं छोड़ आएंगे।

उन्होंने रायपुर उपचुनाव में कांग्रेस की हार पर भी निशाना साधा। खेड़ा ने कांग्रेस उम्मीदवार आकाश शर्मा की हार का हवाला देते हुए दावा किया कि पैसा तो वहां भी खूब खर्च हुआ था, लेकिन नतीजा कांग्रेस के पक्ष में नहीं आया।

गौरतलब है कि रायपुर उपचुनाव में कांग्रेस की हार के बाद भूपेश बघेल को महाराष्ट्र का पर्यवेक्षक बनाया गया है। भाजपा ने इस फैसले को लेकर कांग्रेस की रणनीति पर सवाल खड़े किए हैं।

## रायपुर दक्षिण उपचुनाव, मुस्लिम और ब्राह्मण वोटरों ने कांग्रेस को नकारा, बीजेपी को मिली जीत



रायपुर। दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी सुनील सोनी ने 46,082 वोटों से जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को 42,977 वोट मिले। इस चुनाव परिणाम ने साफ तौर पर दिखा दिया कि रायपुर दक्षिण के मुस्लिम और ब्राह्मण वोटरों ने कांग्रेस को नकारा और इसका सीधा फायदा बीजेपी को हुआ। इस चुनाव में ब्राह्मण समुदाय से ही ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा को भी अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका। रायपुर के प्रभारी महामंत्री रविंद्र चौबे, जो पहले कांग्रेस सरकार में थे, ने भी ब्राह्मण समुदाय से ही ताल्लुक रखा, लेकिन इसका असर चुनाव परिणामों में नहीं दिखा। यह चुनाव परिणाम इस बात का संकेत हैं कि जनता अब जातिवाद की राजनीति से ऊपर उठ चुकी है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नारा जात भी नापाक़ पे मुहर लगेगी हाथ पे अब पुरानी बात हो गई है, और वर्तमान में राहुल गांधी की नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जातिवाद की राजनीति को बढ़ावा देने की दिशा में बढ़ रही है। यही कारण है कि कांग्रेस को इस उपचुनाव में बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा। इस परिणाम के बाद कांग्रेस को अपनी पुरानी विचारधारा पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है। यदि कांग्रेस अपने रुख में बदलाव नहीं करती, तो आने वाले समय में पार्टी को ऐसे परिणामों का सामना देशभर में करना पड़ सकता है।

## राग दरबारी

## बंटेंगे तो मुर्गे कटेंगे

चुनाव को लोकतंत्र का पर्व कहा जाता है । चुनाव लोकतंत्र की आवश्यक बुराई है जिसमें नेता एक दूसरे को बुरा-बुरा कहते हैं फिर भी कोई बुरा नहीं मानता। हम शराब पिए हुए व्यक्ति की बातों का बुरा नहीं मानते । इसी तरह सत्तासीन नेताओं की बातों का भी बुरा नहीं मानना चाहिए । वैसे भी सत्ता का नशा सबसे बढ़कर है । चुनाव नेता की औकात को बाहर निकालने का माध्यम है । जो जनता चुनाव में नेता को उसकी औकात नहीं बताती उसे अगले पांच साल तक अपनी औकात में रहना पड़ता है । ऐसा ही एक चुनाव हाउसिंग सोसायटी का भी हो रहा है। इसके अंकलों को व्हाट्सएप से बमुश्किल फुर्सत मिलती है फिर भी चुनाव लड़ने के लिए दो पैनल तैयार है। पांच साल से सत्तारूढ़ , शर्मा पैनल को चुनौती दे रहा है खन्ना पैनल । हाउसिंग सोसायटी का कुछ नियम कानून भी है । दोनों पैनल एक दूसरे पर इस नियम कानून को बदलने का आरोप लगाते हैं । इस सोसायटी में सौ मकान हैं और सबसे दस हजार रुपए प्रति माह मेंटेनेंस लिया जाता है । इस तरह प्रतिमाह दस लाख रुपए जमा होते हैं जिसमें से लगभग आठ लाख रुपए खर्च होते हैं। इस तरह जीतने वाले पैनल के नेतागण प्रतिमाह लगभग दो लाख रुपए कमा लेते हैं । चुनाव का यहां भी असली प्रतिफल पैसा ही है ।

इस सोसायटी के बीस घरों में मांसाहारी खाना बनता है , शेष अस्सी घरों में शाकाहारी खाना बनता है । आप यह मत सोचिए कि यहां शाकाहारियों का बहुमत है । इनमें से अधिकांश घर के लोग बाहर शौक से मटन मछली मुर्गा आदि खाते हैं । शर्मा पैनल शाकाहार के पक्ष में है जबकि खन्ना पैनल मांसाहार के पक्ष में है । वैसे दोनों पैनल के नेता एक साथ मिलकर पीते और सब कुछ खाते हैं । शर्मा पैनल खन्ना पैनल को सोसायटी व संस्कार विरोधी और मांसाहार का पक्षधर बताती है । खन्ना पैनल बचाव की मुद्रा में है और वे मांसाहार को निजी अधिकार बता कर घर तक सीमित करने की बात करते हैं । शर्मा पैनल का कहना है कि सोसायटी के सभी शाकाहारी एक हो जाएं , यदि वे बंटेंगे तो सोसायटी में मुर्गे कटेंगे । शर्मा पैनल का नारा है -

बंटेंगे तो मुर्गे कटेंगे । शर्मा पैनल वाले भी जानते हैं कि सोसायटी में मांसाहारी अधिक है और बंटेंगे-कटेंगे का नारा चलने वाला नहीं है । शर्मा पैनल पिछले पांच वर्ष से सोसायटी में काबिज़ है और उसके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अपनी पहले की कमाई हुई जमा पूंजी बाहर निकाली। दस विरोधी घर वालों को पी वी आर के टिकट भिजवा दिए गए । दस विरोधी घर वालों को शहर के एक बड़े होटल के लंच कूपन भिजवा दिए गए। खन्ना पैनल के कट्टर समर्थक दस घर में महंगे गिफ्ट भिजवा दिए गए। लिहाजा स्वतंत्र निडर और निष्पक्ष निर्णायकों द्वारा सोसायटी के चुनाव संपन्न कराए गए । शर्मा पैनल मामूली बहुमत से चुनाव जीत गया । उसी रात को दोनों पैनल के नेतागण एक बड़े होटल में पार्टी कर रहे हैं । उस होटल का लज़ीज कड़कनाथ मुर्गा काफी प्रसिद्ध है । वहाँ अच्छे ब्रांड की वाइन भी मिल जाती है । खन्ना पैनल के हारे हुए नेता ने शर्मा पैनल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष से कहा - आपका नारा था बंटेंगे तो मुर्गे कटेंगे । हम सभी जानते हैं कि सोसायटी में मांसाहारी अधिक है इसीलिए हमें जीतने की पूरी उम्मीद थी । आप कैसे जीत गए? अध्यक्ष - बंटेंगे कटेंगे का नारा दिखाने के लिए था । हमारा असली नारा या हथियार है -

बाटेंगे तो जीतेंगे।

राजशेखर चौबे
295/ रोहिणी पुरम रायपुर फोन 9425596643

## बिहार की सबसे बहुचर्चित सीट इमामगंज दीपा मांझी ने जीती

### रौशन मांझी को हराकर केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी की बहू बनी एमएलए



इमामगंज। बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा गया के इमामगंज सीट की थी जहां से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) ने जीत हासिल की है। इस सीट पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की बहू दीपा मांझी विजयी हुई हैं। दीपा मांझी ने इस सीट पर 5945 वोटों के अंतर से आरजेडी उम्मीदवार रौशन मांझी को हराया है। उन्हें कुल 53435 वोट मिले हैं। पहली बार चुनाव में उतरी जन सुराज पार्टी इमामगंज में 37103 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर है। दीपा मांझी को टिकट दिए जाने के बाद जीतन मांझी पर परिवारवाद के आरोप भी लगे थे जिस पर उन्होंने सफाई भी दी थी। हालांकि अब उनका यह फैसला सही साबित हुआ।

## राजस्थान उपचुनाव में भाजपा ने मारी बाजी, सात में से पांच सीटें जीती

जयपुर। राजस्थान के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी है। यहां सात उपचुनावों में बीजेपी ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस को सिर्फ दौसा सीट मिली। जबकि चौरासी सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी ने जीत हासिल कर यह बता दिया कि क्षेत्रीय दल भी राजनीतिक परिदृश्य में अपना महत्व रखते हैं। भाजपा के लिए यह जीत न केवल राज्य में उनके संगठनात्मक ढांचे की मजबूती को दर्शाती है। झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर और रामगढ़ सीटों पर भाजपा की जीत पार्टी की रणनीतिक सफलता का प्रमाण है। खींवसर में भाजपा ने हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल को हराकर जीत हासिल की है। यह न केवल बेनीवाल परिवार की राजनीति को चुनौती देने वाला कदम है, बल्कि क्षेत्रीय क्षत्रपों को भाजपा के खिलाफ सावधान रहने की चेतावनी भी है। वहीं, सलूंबर में आखिरी राउंड में बाजी पलटकर शांता मीना की जीत ने भाजपा के ग्रासरूट मैनेजमेंट की सफलता को बता दिया है। कांग्रेस के लिए दौसा सीट पर दीनदयाल बैरवा की जीत एक मात्र राहत है। इस जीत पर भी भाजपा ने रीकाउंटिंग की मांग कर विवाद खड़ा कर दिया है। दौसा सीट पर भाजपा ने मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को उम्मीदवार बनाकर व्यक्तिगत प्रभाव को भुनाने की कोशिश की थी, लेकिन यह रणनीति सफल नहीं हो पाई।

## बुधनी में 13,901 वोटों से रामाकांत भार्गव जीते

बुधनी। विधानसभी सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज कर ली है. यहां से रमाकांत भार्गव 13901 वोटों से जीत गए- 13 राउंड की काउंटिंग के बाद रमाकांत भार्गव को 107478 को वोट मिले। कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 93577 वोट मिले। रमाकांत भार्गव 13901 वोटों से जीते, बुधनी विधानसभा सीट पर शुरूआती रुझान में कांग्रेस उम्मीदवार राजकुमार पटेल बीजेपी के रमाकांत भार्गव से 56,00 वोटों से आगे चल रहे थे।

# सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने वार्ड 69 पंजाबी बाग में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 69 पंजाबी बाग में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर विकास कार्य किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और रहवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उन्होंने मंत्री श्री सारंग का धन्यवाद करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों की सौगात से क्षेत्र का विकास होगा और नागरिक सुविधाओं में भी विस्तार होगा।




### हर वार्ड में हैं थीम पार्क

मंत्री श्री सारंग ने कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि नरेला विधानसभा को हरित विधानसभा बनाने के लक्ष्य के साथ सभी 17 वार्डों में नागरिकों को थीम पार्कों की सौगात मिली है। स्वामी विवेकानंद थीम पार्क व मां नर्मदा परिक्रमा थीम पार्क नरेला क्षेत्र की स्वच्छता व सुंदरता का बेजोड़ उदाहरण है।

### रहवासियों ने जताया आभार

नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 69 के रहवासियों द्वारा मंत्री श्री सारंग का भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ सैकड़ों की संख्या में रहवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री सारंग पर जोरदार पुष्पवर्षा की। रहवासियों के स्वागत से अभिभूत मंत्री श्री सारंग ने कहा कि जनता ने जो अपार स्नेह, आशीर्वाद व समर्थन दिया है वह एक ऋण की भांति है, इस ऋण को क्षेत्र के समग्र विकास के माध्यम से उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा विकास के मायने में कहीं से भी अछूती नहीं रहेगी।

### रहवासियों को मिलेंगी यह सुविधाएं

वार्ड 69 अंतर्गत पंजाबी बाग में पार्क के विकास कार्यों के अंतर्गत पाथवे, बाउंड्री वॉल, गेट निर्माण, हाईमास्ट लाइट, सार्वजनिक शौचालय, पौधारोपण, वेंचर्स, झूले और अन्य मनोरंजन की सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। यह पार्क सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी होगा और क्षेत्र में एक हरित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करेगा।

# मंत्री रावत पर भारी पड़े जमीनी कार्यकर्ता मुकेश मल्होत्रा

भोपाल। श्योपुर की विजयपुर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा जीते हैं। मुकेश मल्होत्रा इसलिए अधिक चर्चा में है क्योंकि उन्होंने प्रदेश सरकार में वन मंत्री रामनिवास रावत को 7 हजार से अधिक मतों से हराया है। खासबात यह है कि मुकेश मल्होत्रा भाजपा के ही कार्यकर्ता थे। लेकिन लोकसभा चुनाव में जब रामनिवास रावत कांग्रेस छोडक़र भाजपा में आए थे तो मुकेश मल्होत्रा ने कांग्रेस को ज्वाइनकर लिया था।



कांग्रेस ने उनकी जमीनी पकड़ को देखते हुए उप चुनाव में टिकट दिया। मुकेश मल्होत्रा ने भी कांग्रेस के विश्वास को कम नहीं होने दिया। मुकेश मल्होत्रा भाजपा सरकार में शहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रहे हैं। लेकिन जब लोकसभा चुनाव में रामनिवास रावत ने भाजपा का दामन थामा तो मल्होत्रा ने भी भाजपा को छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। 2023 में मुकेश मल्होत्रा ने भाजपा से टिकट मांगा था। लेकिन टिकट नहीं मिला तो वे निर्दलीय चुनाव लड़े लेकिन चुनाव हार गए। लेकिन वोट अच्छे मिले।

### 2023 में लड़े थे निर्दलीय चुनाव

साल 2023 में मुकेश मल्होत्रा निर्दलीय चुनाव मैदान में थे, उस दौरान आदिवासियों ने इनका जमकर साथ दिया था। इन्हें चुनाव में 45 हजार वोट मिले थे। मुकेश लंबे समय से विधानसभा में एक्टिव रहने वाले नेताओं में से एक हैं। मुकेश सहरिया समुदाय से आते हैं, इस सीट पर इस जनजाति के करीब 70 हजार वोटर हैं। साथ ही साथ जमीन पर इनकी सक्रियता देखी जाती है।

### जमीन से जुड़े होने से कांग्रेस ने दिया टिकट

विजयपुर क्षेत्र में आदिवासी वोटर्स 70 हजार हैं। मल्होत्रा शहरिया जनजाति से आते हैं और उनकी समाज सहित क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। निर्दलीय चुनाव लडऩे पर भी 45 हजार वोट मिले थे। इसलिए कांग्रेस ने उन पर दांव लगाया। आखिर में उपचुनाव में जीत मिल ही गई। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा भाजपा में सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रहे हैं। वर्ष 2023 में भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर भाजपा छोड़ दी और निर्दलीय चुनाव लड़े। इस चुनाव में मुकेश मल्होत्रा को 44128 वोट मिले। इस तरह बस तीसरे नंबर पर रहे। वर्तमान में वह ग्राम पंचायत सिलपुरी के सरपंच हैं। आदिवासी युवाओं को सरकारी नौकरी में सीधी भर्ती किए जाने को लेकर उन्होंने श्योपुर से भोपाल तक हजारों युवाओं के साथ पैदल यात्रा निकाली थी जिसके बाद वह सुर्खियों में आए थे। लोकसभा चुनाव के दौरान मुरैना में प्रियंका गांधी के समक्ष मल्होत्रा कांग्रेस में शामिल हुए थे। मल्होत्रा एलएलबी किये हुए है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com